## सार समाचार

### बके के साथ 3 बदमाश गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा पुलिस द्वारा तीन अलग-अलग जगहों से अवैध रूप से घातक हथियार बका लेकर घूम रहे आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चुना भट्टी के पास जाकीर पुत्र सलीम खान निवासी नये थाने के सामने नई कालोनी मक्सी थाना मक्सी जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा पगारा टोल के पास से महेन्द्र पुत्र भगवान सिंह लोधी नये थाने के सामने नई कालोनी मक्सी थाना मक्सी जिला शाजापुर (म.प्र.) को भी बके के साथ दबोचा। इसी धरनावदा पुलिस ने ही ओडा की पुलिया रूठियाई के पास दीपक पुत्र देवीसिंह लोधी निवासी लोधी मोहल्ला शिव मंदिर के पास मक्सी थाना मक्सी जिला शाजापुर को बके के साथ दबोचा।

### काम को लेकर भिड़े सगे भाई

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत कर्माखेड़ी में ईंटें बनाने को लेकर दो भाई आपस में लड़ पड़े। जिसमें बड़े भाई ने छोटे भाई पर ईंट से हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गुरुदयाल पुत्र मूलचंद सहरिया ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी पत्नि कबूलाबाई, लडका करन सहरिया तीनों ईंट भट्टे के पास में टपरिया के बाहर आग जलाकर ताप रहे थे। इतने में उनका बड़ा भाई अशोक सहरिया आया और बोला कि मेरे हिस्से में मै ही ईंट बनाऊँगा, तू मेरे हिस्सा क्यो ले रहा है। जिस पर फरियादी ने कहा कि तुमसे काम नहीं होता है इसलिये में तुम्हारे हिस्से का काम श्याम पारदी से ले रहा हूँ। इसी बात को लेकर बड़े भाई अशोक सहरिया ने उसके साथ गाली गलौंच कर ईंट से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। बीच बचाव करने आई पीड़िता की पत्नी और बच्चे के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादी छोटे भाई की शिकायत पर बड़े भाई पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### खेत से 6 सौ फुट लेजम चोरी

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत वंदना होटल के पीछे बीलाबावड़ी में खेत में सिंचाई के लिए रखी 600 फुट लेजम अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी देवेन्द्र सिह जाट हाल निवासी दुर्गा कालोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने वंदना होटल के पीछे बीलावावडी के खेतों मे पानी देने के लिये मैने लेजम लाईन करीवन 600 फिट बिछा रखी थी। उसी खेत पर मैने चौकी दार अशोक सेहरिया को रखा था जो वहां रहकर खेत की देखरेक करता था। गत दिवस रात करीवन 11 बजे वह पानी देकर अपने घर गुना आ गया था। फिर अगले दिन सुबह चौकीदार अशोक सहरिया ने फोन करके बताया कि खेत मे बिछी 600 फिट की लेजम नहीं है। रात को चौकीदार की नींद लग गई थी तो कोई चोर लेजम की चोरी कर ले गया है पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया है।

### 59 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** म्याना थानांतर्गत चतुराई तिराहे पर पुलिस ने 59 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भदौरा नेतलपुर आम रोड पर चतुराई तिराहे पर हाथ भट्टी की कच्ची शराब दो कैनो में रखकर बेचने या कहीं ले जाने के उद्देश्य बैठा हुआ है।

#### कहीं कैमरे तोड़े तो कहीं कैमरा ही साथ ले गए बदमाश, कॉलोनीवासियों में आक्रोश

# सीसीटीव्ही कैमरों में दिखा चोरों का आतंक, खिडक़ी तोडक़र घर में घुसने की कोशिश



**गुना, देशबन्धु।** शहरभर में इन दिनों चोरों और बदमाशों के गिरोह सक्रिय हैं। तीसरी आंख से बेखौफ बदमाश चोरी की घटना को अंजाम देने से नहीं हिचक रहे हैं। इस दौरान न्यूसिटी कॉलोनी में तो बदमाश कैमरों को ही ले जाते दिखे। यहां एक घर में बदमाशों द्वारा खिडक़ी तोडक़र घुसने की कोशिश की। पूरी वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई। जिसके बाद डरे कॉलोनीवासी सिटी कोतवाली पहुंचे। यहां पुलिस को आवेदन देकर कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की। दरअसल कॉलोनीवासियों के अनुसार न्यू सिटी कॉलोनी एवं दलवी कॉलोनी क्षेत्र में इन दिनों चोरों का गैंग सक्रिय है। जो मध्य रात्रि में लोगों के घरों में सेंधमारी की कोशिश कर रहे हैं। पूरी वारदातें यहां लगे सीसीटीव्ही कैमरों में कैद हो गई। यहां रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात को बदमाश कॉलोनी के कार्तिकेय शर्मा के घर के पीछे से घुसने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान चोरों ने पीछे की खिडक़ी तोडक़र घर में दाखिल होने की कोशिश की। इसके अलावा कॉलोनी के अन्य घरों में भी वारदात की कोशिश की। जो यहां के लोगों के घरों में लगे सीसीटीव्ही कैमरों में कैद हो गए। इस दौरान एक जगह तो चोर घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे ही निकालकर अपने साथ ले जाते दिखे। सिटी कोतवाली प्रभारी को दिए आवेदन में कॉलोनीवासियों ने यहां गस्त बढ़ाने की मांग की है।

इस बारे में स्थानीय रहवासियों ने बताया कि न्यू सिटी कॉलोनी एवं दलवी कॉलोनी वार्ड 2 गुना में इन दिनों चोरों का गैंग सक्रिय है। गत रात को चोरों द्वारा न्यू सिटी कॉलोनी एवं दलवी कॉलोनी गुना में किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने हेतु योजना बनाई जा रही थी। जो कि कॉलोनी के घरों में लगे सीसीटीव्ही कैमरा मैं दिखाई दे रही है। रात करीब 2:30 बजे लगभग एक दर्जन के करीब चोर न्यू सिटी के कई घरों में घुसने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान कॉलोनी के निवासी कार्तिकेय शर्मा के घर की खिडक़ी को तोडक़र बदमाशों ने घर में घुसने का प्रयास किया। वहीं कई जगह कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद कॉलोनीवासी दहशत में हैं। रहवासियों के अनुसार उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली में देने के बावजूद कोई भी पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। वहीं क्षेत्र में पुलिस की गशत भी नहीं होती।

# मवेशी खदेड़ने पर युवक से मारपीट

▸ आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत ग्राम खजूरी में आवारा मवेशियों को भागने को लेकर एक व्यक्ति के साथ गांव के ही युवक ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी चतरु बंजारा पुत्र काडू बंजारा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह गांव में अवारा मवेशियों को इकठ्टा करके गांव के खोडा में बंद कर रहा था। उसी समय गांव का जगदीश बंजारा उससे कहने लगा कि तुम मवेशियो को क्यों घेर कर ले जा रहे हो। जिस पर फरियादी ने फसलों को नुकसान पहुंचाने का हवाला दिया। जिस पर जगदीश ने गाली गलौंच कर लाठी से मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

इधर जिले के बजरंगगढ़ थानांतर्गत ग्राम जैतपुरा में खेत में पानी देने पर गांव के ही चार लोगों ने मारपीट के साथ मारपीट कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस पैमा बंजारा की पत्नि तुलसी बाई बंजारा अपने खेत पर पानी दे रही थी। जिसे पुरानी रंजिश को लेकर जैतपुर के गजराज सिंह गुर्जर, राजाराम गुर्जर, बलराम गुर्जर, सुंदरा गुर्जर ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। जिसमें तुलसी बाई को चोटें आई हैं। बीच बचाव करने आए पीड़िता के रिश्तेदार घोंटा बंजारा एवं रामा बंजारा के साथ आरोपियों ने मारपीट की। मारपीट में घायल तीनों को डायल-100 की गाड़ी से पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में पुलसि ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 294, 323, 325, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों को एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



**गुना, देशबन्धु।** 11 वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी द्वारा गुना जिले में स्थित विभिन्न इकाइयों का आपदा निरीक्षण करने के लिए सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत तहत टीम गुना जिले के विभिन्न तहसीलों में जाकर, तहसीलों में स्थित इकाइयों का निरीक्षण कर आपदा संबंधित उनकी तैयारी का निरीक्षण एवं उनके साथ मीटिंग की जा रही है ताकि भविष्य में होने वाले किसी प्रकार के आपदा से मिलजुल कर निपटा जा सके इसके साथ ही सभी तहसीलों में स्थित स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आपदा मोचन के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। आपदा जोखिम नियुनिकरण मुहीम के अंतर्गत आपदाओं से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीमें लगातार प्रशिक्षण प्रदान कर रही है साथ ही शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का भी आयोजन कर रही है। उसी कड़ी में सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर महावीर पुरा जिला गुना (मध्य प्रदेश) में 11 बटालियन एनडीआरफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में एवं इंस्पेक्टर जीडी बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकंप में बचाव के तरीके, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, अग्निशमन और आग से बचाव की तकनीक, रस्सी बचाव तकनीक, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सडक़ सुरक्षा आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त कोरोना के नए वेरिएंट से बचने के लिए कोविड प्रोटोकोल का पालन करने सम्बन्धित तरीकों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य सुभाष दंगी ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है और आपदा प्रबन्धन में सक्षम बनाने का सफल प्रयास है। इस कार्यक्रम से शिक्षण संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं अध्यापक भी लाभान्वित होंगे और आपदा के समय अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे।

## जनहितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से पहुंचना करें सुनिश्चित : कलेक्टर



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, एडीएम मुकेश कुमार शर्मा सहित समस्त एसडीएम एवं जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के आरंभ में कलेक्टर द्वारा ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की जन-हितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले यह सुनिश्चित रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाये। संकल्प यात्रा के दौरान संबंधित अधिकारी एवं डे-नोडल अधिकारी कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन आवश्यक रूप से उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर को निर्देशित करते हुए कहा कि टीबी, सिकल सेल की स्क्रिनिंग का कार्य शत-प्रतिशत किया जाये। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य में गति लाएं। इसके लिए बीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम का सहयोग लिया जाये।

सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान धरती करे पुकार अंतर्गत कल्चरल इवेंट को अनिवार्य रूप से शामिल करें। कार्यक्रम के दौरान कम से कम 50 लोगों को शपथ दिलाएं, इसके लिए निर्धारित क्यूआर कोड स्केन कर अधिक से अधिक लोगों को मोबाइल से डाउनलोड कराया जाये।

बैठक के दौरान उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थान पर खुले में मांस विक्रय का संचालन नहीं हो, इसके लिए एक स्थान चिन्हित किया जाये। सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री राठी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए एक दिन निर्धारित कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। बैठक में मत्स्य अधिकारी के अनुपस्थित पाये जाने पर कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गये। बैठक के दौरान समय-सीमा से संबंधित लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## आरोन के ग्राम देहरी खुर्द में कलेक्टर ने दिलाई शपथ



**गुना, देशबन्धु।** विककसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को आरोन जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत देहरीखुर्द अंतर्गत ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम पंचायत भवन देहरीखुर्द में आयोजित किया गया। इसमें कलेक्टरतरुण राठी द्वारा कार्यक्रम में भागीदारी की गई कार्यक्रम के दौरान रथ का पूजन ग्राम स्तरीय समिति द्वारा किया गया तथा ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' की सभीजनों को कलेक्टर द्वारा शपथ भी दिलायी और कहा कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के दौरान कोई भी हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से बंचित न रहे। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में ग्राम स्तरीय निगरानी समिति के अध्यक्ष सतीश रघुवंशी, मण्डल अध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी सहित जिपं सीईओ प्रथम कौशिक सहित एसडीएम आरोन शिवानी पाण्डे, तहसीलदार सुनील वर्मा उपस्थित रहे।

**आज यहां होंगे आयोजन**

इसी क्रम में 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत आरोन अंतर्गत ग्राम पंचायत पनवाड़ीहाट, मूडराखुर्द, देहरीकलां, ढिमरयाई तथा रामगिरकलां, जनपद पंचायत बमोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मगरोड़ा, सिलावटी कपासी, किशनपुरा, विशनवाड़ा, रामपुर, लोंडेरा तथा विश्वनगर, जनपद पंचायत चांचौड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊमरथाना, झारेड़ा, बीजनीपुरा, जामोन्याजागीर, आंखखेड़ी, मोहम्मदपुर, कानाखेड़ी, देहरी, टोड़ी, टटूजखेड़ी तथा मुरैला, जनपद पंचायत गुना अंतर्गत ग्राम पंचायत पगारा, परसौदा, पिपरिया, सकतपुर, पदमनखेड़ी, मानपुर तथा सांडखेड़ा जनपद पंचायत राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत ककवासा, सौरामपुरा, सावरीनाथ, नारायणपुरा, गादेर, झरपई, कोलारस तथा शाहपुर में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

### फरार नशे का कारोबारी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** जिले की मृगवास पुलिस द्वारा नशा तस्कर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा उपलब्ध कराने वाला राजस्थान का फरार नशा कारोबारी गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा गत् माह अक्टूबर में मृगवास थाने पर दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में पुलिस को नशा कारोबारी की तलाश थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर को मृगवास पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाका चैकिंग के दौरान गौमुख नाके पर एक बिना नंबर की एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटर सायकिल पर 3.50 लाख रुपये का 35 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करते हुए आरोपी घनश्याम मीना निवासी ग्राम घटगांव थाना हर्नावदा जिला बांरा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान आरोपी घनश्याम मीना द्वारा उक्त डोडाचूरा महेन्द्र सिंह बंजारा निवासी ग्राम पाटनी थाना हरनावदा जिला बारां राजस्थान से खरीदकर लाना बताए जाने पर पुलिस द्वारा प्रकरण में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा कर महेन्द्र सिंह बंजारा को भी आरोपी बनाया गया। उपरोक्त प्रकरण में फरार आरोपी महेन्द्र सिंह बंजारा की तलाश में पुलिस ने निरंतर दबिशें दी। इसके परिणाम स्वरुप सोमवार को प्रकरण के फरार आरोपी के संबंध में मुखबिर से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है ।

## बॉस्केटवॉल प्रतियोगिता में गुना के खिलाडिय़ों ने दिखाया दमखम



गुना, देशबन्धु। महाविद्यालय राज्य स्तरीय पुरुष बास्केटबाल प्रतियोगिता में गुना के पांच खिलड़ियों का चयन हुआ था। कॉलेज के प्राचार्य बीके तिवारी ने जानकर देते हुए बताया कि अक्टूबर माह में दतिया में आयोजित हुई संभाग स्तरीय अंतर जिला महा विद्यालय प्रतियोगिता में गुना महाविद्यालय की टीम अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विजेता बनी थी।

इस प्रदर्शन के आधार पर गुना जिले के पांच खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष महाविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। इनमे चंद्र प्रताप केवट, शशांक विजयवर्गीय, विराट धाकड़, कृष्ण त्यागी, अभिषेक शर्मा का चयन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष महाविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। उपरोक्त प्रतियोगिता में ग्वालियर संभाग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उपरोक्त खिलाडिय़ों ने शासकीय महाविद्यालय गुना के बास्केटबॉल ग्राउंड पर अंतर्राष्ट्रीय कोच मनोज शर्मा एवं एनआईएस कोच सचिन सक्सेना द्वारा निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त किया। खिलाडिय़ों की उपरोक्त सफलता पर शासकीय महाविद्यालय गुना के प्राचार्य बीके तिवारी, हरवीर सिंह रघुवंशी, स्पोर्ट्स ऑफिसर खान मुरारी लाल शर्मा, अनिल सूद, सुनील अग्रवाल, मोहन उपाध्याय, गोपाल मिश्रा, विजय पंचोली, परमानंद कुशवाह, हरि कृष्ण शर्मा, नरेंद्र भार्गव राहुल अग्रवाल, शरद शर्मा, दुर्गेश सक्सेना, अतुल शर्मा, कमल सिंह भदोरिया, विवेक चौरसिया, रमन शर्मा, सचिन शर्मा, बंटी कुशवाह, शुभम गौड़ आदि ने बधाई दी है।

### बायपास पर होगा जीतू पटवारी का स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी पदभार ग्रहण के लिए इंदौर से भोपाल पहुंचेंगे। इसी कार्यक्रम के तहत दोपहर 1 बजे आष्टा बायपास हरिओम रेस्टोरेंट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, प्रदेश महामंत्री कैलाश परमार, विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,जाहिद खान गुडडू, कांग्रेस प्रवक्ता इसराईल मंसूरी, महेश मुंदीखेड़ी,कृपाल सोलंकी, गुलाब बाई ठाकुर, बलबहादुर भगत, प्रहलाद सिह खड़ी, मेहरबान मुंदीखेड़ी, सोभाल सिंह, खालिद पठान, सुनिल कटारा, शेलेंद्र कुरावर, नरेंद्र कुशवाह,प्रेम पटरिया, सनावर खान, भैया एमपी, रामचरण दावरिया, कमल सेठ, फेज उद्दीन,प्यारेपटेलराजकुमारमालवीय, विजय सोलंकी, जगदिश द्रविड़, बंशी बांबे, इमरान डिलक्स,सुरेंद्र परमार आदि ने की।

## चोरी के मामलों में फरार जिलाबदर का आरोपी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस जिला बदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरोपी की चोरी के दो अलग-अलग मामलों में जारी 2 स्थाई वारंटों में लंबे समय से तलाश थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि जिले से जिलाबदर किया गया बदमाश राकेश उर्फ चक्रधारी सिकरवार निवासी ग्राम सरखो थाना बजरंगगढ, अपने जिलाबदर होने पर भी अभी आरोन बस स्टेंड के पास खडा हुआ है। इस सूचना के मिलते ही जिला बदर बदमाश की धरपकड हेतु गुना कोतवाली से पुलिस की एक टीम तत्काल रवाना हुई। यहां शहर के आरोन बस स्टेंड के पास पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि आरोपी राकेश उर्फ चक्रधर सिकरवार एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध चोरी, डकैती की तैयारी, अवैध हथियार, मारपीट आदि धाराओं में कुल 11 अपराध दर्ज होना पाए जाने पर, जिसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु गुना जिला दण्डाधिकारी द्वारा अपने आदेश 20 दिसंबर 22 से जिसके विरूद्ध गुना जिले की सीमा के अलावा आसपास के जिले राजगढ़, शिवपुरी, विदिशा, अशोकनगर आदि जिलों की सीमा से एक वर्ष के लिये जिला बदर आदेश पारित किया गया था। लेकिन बदमाश राकेश सिकरवार के अपनी जिला बदर अवधि में भी उसके लिये प्रतिबंधित किये गये क्षेत्र गुना में बिना किसी पूर्व सूचना या किसी प्रकार की अनुमति लिये बिना घूमता हुआ पाये जाने पर पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार किया। जिसके विरूद्ध गुना कोतवाली में अप.क्र 1051/23, मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है । आरोपी के विरूद्ध गुना कोतवाली के अपराध क्रमांक 249/22 धारा 457, 380 भादवि व न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 680/22 तथा गुना कोतवाली के अप.क्रमांक 376/17 धारा 457, 380 भादवि व न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 5310/17 में जारी अलग-अलग दो स्थाई वारंटों में भी गुना कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। उक्त कार्रवाई में टीआई अनूप कुमार भार्गव, महेश, सूर्येन्द्र, अतुल एवं चंद्रकुमार की सराहनीय भूमिका रही है ।

#### *न्यायालय ने अर्थदंड से भी किया दंडित*

# *मारपीट के आरोपियों को सुनाई 6-6 साल की सजा*

***आष्टा, देशबन्धु।*** *न्यायालय द्वितिय अपर सत्र न्यायधीश कंचन सक्सेना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण परवेज पिता वसीम उर्फ गुडडु, इमरान पिता वसीम उर्फ गुडडु, असलम पिता सलीम तीनों को भारतीय दंड विधान की धारा 323 के तहत 6-6 माह की सजा एवं पाँच-पाँच सौ रूपये के अर्थ दंड एवं आरोपी वसीम उर्फ गुडडु पिता इब्राहिम को भारतीय दंड विधान की धारा 325 में 3 वर्ष की सजा एवं पच्चीसों रूपये का जुर्माना से दंडित किया गया।*

*अपरलोक अभियोजक विजेन्द्रसिंह ठाकुर के बताये अनुसार घटना इस प्रकार हे कि फरियादी रईश पिता मरहुम रशीद खाँ जाति मंसुरी निवासी मीरपुरा अलीपुर द्वारा 27 फरवरी 2021 को दिन के 12 बजे नीरज सुराणा के साथ थाना पार्वती आकर रिर्पोट की, कि इन्दौर भोपाल रोड हरिओम रेस्टोरेन्ट के साईड में स्वीटी जैन के नाम से 40 108 फिट का प्लाट है, जो मेरे प्लाट के पीछे है, मेरा प्लाट रोड पर उत्तर दिशा में 5 डेसीमल जमीन पर मुरम डलवा रहा था, इतने में आरोपीगण परवेज, इमरान, वसीम उर्फ गुडडु, असलम हाथ में लाठी लेकर एवं साथ में रईश उर्फ भुरू, रईश पहलवान एवं जोया बी, साईन बी, हुसैनी बी सभी हाथ में लकडी एवं पत्थर लेकर आये ओर बोले जमीन मेरी है इस पर मुरहम क्यो डाल रहे हो, ओर परवेज ने लकडी की मारी जो कि नफीस के दाहिने अंगुठे में लगी, इमरान ने लठ से सिर में मारी इतने में मेरा भाई रईस बचाने आया, असलम ने लाठी मारी जो कि उसके बाये हाथ तथा सिर में चोट लगी, इतने में मेरा बडा भाई अनीस बचाने आया तो वसीम उर्फ गुडडु ने अनीस के सिर में लाठी मारी। वसीम बोला इन लोगो को मारो मैं थाने जा रहा हूं। इतने में रफीक बचाने आया तो परवेज ने लकडी से उसके सिर पर मारा, इतने में रईस उर्फ भुरू, रईस पहलवान, जोया बी, साईन बी, हुसैनी बी और ओर इन लोगों ने पत्थर से मारपीट की। जाते-जाते सभी कह रहे थे कि आज के बाद हमारे प्लाट पर मुरम डाला तो जान से खत्म कर देंगे। आरोपियों द्वारा स्वीटी जैन की बाउंड्री बाल तोडकर नुकसान पहुंचाया हैं। फरियादी की रिर्पोट पर से पुलिस थाना पार्वती ने आरोपियों के खिलाफ भादवि की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। बाद में धारा 307 भादवि का इजाफा किया गया। प्रकरण में अनुसंधान के उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।*

*अभियोजन द्वारा विचारण न्यायालय में अभियोजन साक्ष्य करवाई गई। दोनो पक्षो की बहस सुनने के बाद सेशन न्यायाधिश कंचन सक्सेना के द्वारा आरोपियो को दोषी पाते हुए सजा एवं अर्थ दंड से दंडित किया गया। शासन की ओर से पेरवी अपरलोक अभियोजक विजेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा की गई।*

# मांस दुकानों पर जुर्माना कर पल्ला झाड़ रहे जिम्मेदार

## जुर्माने के बाद फिर खुले में बिकता है मांस

*भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खुले में मांस-मछली के विक्रय पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम का अमला भी सक्रिय हो गया है। लेकिन पांच दिन बाद भी खुले में न तो मांस की बिक्री बंद हुई और न ही दुकानों में अपारदर्शी कांच लगाए गए। इधर जिम्मेदार इन दुकानों में जुर्माना कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं, लेकिन नियमों का पालन कराने में असफल साबित हो रहे हैं।*

*दरअसल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आदेश है कि पूरे प्रदेश में खुले में मांस-मछली नहीं बिकना चाहिए। इस आदेश पर नगरीय निकायों ने अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में राजधानी भोपाल में भी नगर निगम अमले ने अभियान शुरू किया है। लेकिन अभियान के नाम पर निगम का अमला सिर्फ जुर्माने की कार्रवाई तक सीमित रह गया हैं। अमले को इससे कोई मतलब नहीं कि खुले में मांस बिक रहा है। कर्मचारी नियमों का उल्लंघन करने वाले मांस विक्रेता के खिलाफ सिर्फ जुर्माना कर और उसे समझाईश देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रहे है। इसकी मुख्य वजह यह है कि अमले में शामिल कर्मचारियों को न तो कार्रवाई से पहले प्रशिक्षित किया गया और न ही नियम बताए गए। इसके चलते कर्मचारी दो-पांच सौ रुपये का चालान बनाकर आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन दुकानदार को ये भी नहीं बताते ही मांस बेचने के लिए उन्हें किन नियमों का पालन करना है। इसी कारण निगम कर्मचारियों के जुर्माने के बाद भी खुले में मांस बिकता रहता है। वहीं कार्रवाई करने वाले अमले में शामिल कर्मचारियों का भी कहना है कि उन्हें सिर्फ जुर्माने का लक्ष्य दिया गया है।*



### इनका कहना है

*मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद नियमानुसार मांस दुकानों पर कार्रवाई की जा रही है। शहर में 31 दिसंबर तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान खुले में मांस विक्रय करने वाली दुकानें बंद होंगी। वहीं जो नियमों का पालन करेगा, उसी दुकान का संचालन होगा।*

***विनीत तिवारी,** अपर आयुक्त नगर निगम*

### नए शहर में कार्रवाई, पुराने में चुनौती

*शहर में मांस विक्रय दुकानों पर जोन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इसकी जिम्मेदारी संबंधित जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी (एएचओ) की है। उसी के आधीन जोन में स्थित दुकानों पर कार्रवाई जारी है। लेकिन यह कार्रवाई भी आधे शहर में सीमित है। चूंकि नए शहर के अवधपुरी, नर्मदापुरम रोड, अयोध्या नगर समेत अन्य स्थानों पर नियमित जुर्माने की कार्रवाई हो रही है, वहीं पुराने शहर के इतवारा में मछली मार्केट के सामने सहित इस्लामपुरा, काजी कैम्प, ऐशबाग, नवबहार सब्जी मण्डी, टीला जमालपुरा, अशोका गार्डन शेड, जिंसी जहांगीराबाद इलाके में नगर निगम के लिए कार्रवाई करना चुनौती साबित हो रहा है।*

### आज मांस की दुकाने बंद रहेंगी

*इधर, 19 दिसंबर को संतश्री जिन तरण-तारण जयंती होने के कारण संपूर्ण नगर निगम भोपाल की सीमा में मांस विक्रय पूर्णतः बंद रहेगा। उक्त तिथि को यदि कोई मांस विक्रय करता हुआ पाया जाता है तो उसका लायसेंस निरस्त करते हुए पुलिस कार्रवाई की जाएगी*

## शहर से बाहर होंगी डेयरियां, ननि ने जारी किए संचालकों को नोटिस

**भोपाल, देशबन्धु।** शहर में नियमों का उल्लंघन कर डेयरी का संचालन करने वालों को नगर निगम ने नोटिस जारी किए हैं। उन्हें 15 जनवरी तक अपनी डेयरियों के पशुओं को नगर निगम सीमा के बाहर विस्थापित करने को कहा गया है। इस अवधि में यदि डेयरी विस्थापन नहीं की जाती है तो निगम वैधानिक कार्रवाई करेगा। डेयरियों को सख्ती से हटाया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने डेयरी संचालकों को नोटिस जारी कर कहा है कि वे नगर निगम सीमा में डेयरी का संचालन कर रहे हैं। यहां नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए डेयरी संचालक 15 जनवरी तक अपनी डेयरी के पशु निगम सीमा के बाहर विस्थापित करना सुनिश्चित करें। नोटिस का पालन न करने की दशा में निगम द्वारा वैधानिक कार्रवाई किए जाने एवं उक्त कार्रवाई के लिए डेयरी संचालक के जिम्मेदार होने का उल्लेख भी नोटिस में किया गया है।

# सौम्या की कप्तानी में मप्र ने सुपर ओवर में बंगाल को हराया

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी की क्रिकेटर सौम्या तिवारी की कप्तानी में मप्र ने अंडर-23 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में मप्र ने बंगाल को सुपर ओवर में पराजित किया। मप्र की इस टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत है।

नागपुर के वीसीए सिविल लाइन मैदान पर बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला 23 टूर्नामेंट खेला जा रहा है। मध्य प्रदेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 158 रन का स्कोर खड़ा किया। कनिष्क ठाकुर का बल्ला चला उन्होंने 12 चौके की मदद से 75 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके अलावा कप्तान सौम्या तिवारी ने भी 38 रन का योगदान दिया। सौम्या ने अपनी पारी में एक चौका दो छक्के जमाए। अनुष्का शर्मा ने 24 व सस्कृति गुप्ता ने 17 रन बनाए। जवाब में बंगाल ने भी निधारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर158 बनाए। दोनों टीमों का स्कोर बराबर होने के बाद मुकाबला सुपर ओवर में गया। सुपर ओवर में मप्र की सूची उपाध्याय ने ओवर डाला, उनकी पहली गेंद सौम्या ने सुंदर कैच लपक कर पहला विकेट गिराया, दूसरी गेंद पर सूची ने डाली और दूसरा विकेट चटकाया। मप्र को सुपर ओवर में एक रन का टारगेट मिला, जिसे उसने आसानी से प्राप्त कर जीत दर्ज की। इसी के साथ मप्र ने नाक आउट राउण्ड के क्वालीफाई कर लिया है।

# जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर दिया गया प्रशिक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गत दिवस पर्यावरण एवं नियोजन संगठन (एपको) के सहयोग से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं के चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल थे। प्रशिक्षण में जलवायु परिवर्तन में हो रहे बदलाव के कारण बारिश के कम और ज्यादा होने, फसलों पर हो रहे प्रभाव और मानव स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पर्यावरण एवं नियोजन संगठन के राम रतन सिमैया ने फसलों के उत्पादन में हो रहे रसायनों के उपयोग एवं ऊर्जा अपव्यय के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पर्यावरण में होने वाले बदलावों के कारण फलों, सब्जियों और अनाजों की पौष्टिकता में कमी आ रही है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य को रोज खराब कर रहा है। स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए पर्यावरण को ठीक रखना जरूरी है। पर्यावरण को प्रदूषित कर हम अगली पीढ़ी के लिए बीमारियां छोड़ रहे हैं। पर्यावरण एवं नियोजन संगठन के रवि शाह ने जलवायु परिवर्तन की दिशा में किया जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

## आईटीआई में रोजगार मेला आज

**भोपाल, देशबन्धु।** शासकीय संभागीय आईटीआई गोविंदपुरा के प्राचार्य श्रीकांत गोलाईत ने बताया कि आईटीआई में 19 दिसंबर को प्रातः साढ़े 10 बजे से रोजगार मेला लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण व्यवसाय फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इन्स्ट्रूमेंट मेकेनिक वर्ष 2022 एवं 2023 के उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए आईटीसी कम्पनी लिमिटेड बडीयाखेडी औद्योगिक क्षेत्र सीहोर का रोजगार मेला आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि नियुक्ति नियमित आधार पर 14 हजार 521 रूपए प्रतिमाह वेतन एवं रियायती दर पर भोजन एवं परिवहन व्यवस्था उपलब्ध की जाएगी। मेले में शामिल होने के लिए दस्तावेजों सहित इच्छुक अभ्यर्थी उपस्थित हो सकते है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा

# 10 स्थानों पर आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर

## 7 सौ से अधिक नागरिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## सवा सौ हितग्राहियों के बने आयुष्मान कार्ड

**भोपाल, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में 10 स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में सात सौ से अधिक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी बनाने के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों की जांच कर उपचार दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में सीहोर नाका विसर्जन घाट एवं वार्ड क्रमांक 5 में दशहरा मैदान स्कूल के पास शिविर आयोजित किए गए। ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत बैरसिया विकासखंड में गुनगा, कलारा, मनीखेड़ी एवं करोंदिया एवं फंदा विकासखंड में तुमड़ा, बरखेड़ा बोंदर, मुबारकपुर एवं पटनिया में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में 138 आभा आईडी बनाई गई। स्वास्थ्य शिविरों में 559 नागरिकों की उच्च रक्तचाप, 412 नागरिकों की मधुमेह, 168 हितग्राहियों की हब एंड स्पोक मॉडल के तहत पैथोलॉजी जांच एवं 328 नागरिकों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। साथ ही 121 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविरों में आईईसी मोबाइल द्वारा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं आभा आई डी बनाने, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत योजना के लाभ एवं उपलब्धियां तथा आयुष्मान एप के द्वारा कार्ड निर्माण की प्रक्रिया का प्रदर्शन, आयुष्मान कार्ड बनाकर उनका वितरण की जानकारी प्रदर्शित जा रही है।



## पंचायतों के उप निर्वाचन की गतिविधियों का प्रचार करने के निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन की विभिन्न गतिविधियों के तहत मतदाताओं तथा अभ्यर्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदान के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं, संबंधित चुनाव के लिये स्थापित किये गये सहायता केन्द्रों की जानकारी, मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने वाले दस्तावेजों की जानकारी, नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का स्थान, तिथियों तथा मतदान केन्द्रों एवं मतदान दिनांक की जानकारी का स्थानीय तौर पर व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक रूप से कराया जा रहा है। संबंधित ग्राम पंचायतों की साधारण सभा की बैठकों, हाट-बाजारों, मेलों, भीड़ वाले क्षेत्रों तथा आंगनबाड़ियों में पूर्ण जांच एवं परीक्षण के उपरांत अभिप्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का विधिवत प्रदर्शन करते हुये, उसकी कार्यप्रणाली एवं संचालन की प्रक्रिया विस्तारपूर्वक समझायी जाए। प्रचार-प्रसार के लिये परम्परागत साधनों ग्राम पंचायतों में डोंडी पिटवाकर (मुनादी) तथा नगरीय निकायों के संबंधित वार्डों में लाऊड स्पीकर के माध्यम से का उपयोग किया जा सकता है।

# 21 से भाषा, साहित्य और संस्कृति से महकेगा 'विश्वरंग'

## 50 देशों के 5 सौ प्रतिभागी हिस्सा लेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** साहित्य, संस्कृति और कलाओं के इन्द्रधनुषी रंगों से सराबोर विश्वरंग महोत्सव अपनी व्यापक गतिविधियों के बीच 21 से 24 दिसंबर के दरमियान आयोजित किया जा रहा है। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की मेजबानी में विश्वविद्यालय के प्रांगण में होने वाले इस समागम में भारत सहित दुनिया के पचास से भी अधिक देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। यह जानकारी विश्वरंग के महानिदेशक और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने प्रेसवार्ता में दी।

श्री चौबे ने बताया कि कथाकार एवं पूर्व भारत सरकार शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक समारोह का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी, विश्व हिन्दी सचिवालय की महासचिव डॉ. माधुरी रामधारी तथा वैश्विक हिन्दी संसार के अध्यक्ष अनिल जोशी सहित देश - विदेश की अनेक गणमान्य विभूतियों की उपस्थिति गरिमा प्रदानकरेगी। उन्होंने बताया कि विश्वरंग में भाषा, साहित्य और कलाओं के साथ ही विज्ञान तथा तकनीक से जुड़े सभी अनुशासनों पर केन्द्रित विषयों के करीब 50 सत्र शामिल करते हुए विश्व के नए उभरते मानचित्र को पहचानने की कोशिश होगी। इस बार विश्वरंग की एक विशेषता विश्व में हिन्दी रिपोर्ट का लोकार्पण होगी, जो विश्व भर में हिन्दी के प्रचार प्रसार का एक आकलन पेश करेगी, जिसे वहाँ के लेखकों की मदद से तैयार किया गया हैं।



श्री चौबे ने बताया कि सत्रों में 22 दिसंबर को एक पूरा दिन हिन्दी भाषा और शिक्षण पर होगा, जिसमें देश-विदेश के शिक्षाविद् बाचचीत करेंगे। विदेशों में हिन्दी शिक्षण के अनुसार हिन्दी भाषा शिल्प में साहित्त्य की भूमिका, हिन्दी भाषा शिक्षण में कलाओं और फिल्मों की भूमिका, विश्वविद्यालयों में हिन्दी शिक्षण की चुनौतियाँ जैसे विषयों पर देश-विदेश के अनेक प्रमुख शिक्षाविद् और प्रवासी साहित्यकार अपनी बात रखेंगे। इसके अलावा कहानी लिखने और कहने की कला, समकालीन कविता, लोकप्रिय साहित्त्य समकालीन प्रवासी साहित्य, लेखक की दुनिया साहित्य और इलेक्ट्रानिक मीडिया जैसे सत्रों में भारत के वरिष्ठ एवं युवा साहित्यकार अपनी बात को रखेंगे। प्रेसवार्ता विश्वरंग के सह-निदेशक डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, लीलाधर मंडलोई, मुकेश वर्मा, गेट सेट पेरेंट चिल्ड्रन लिटरेचर की कन्वीनर डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेदी, आरएनटीयू के कुल सचिव डॉ. विजय सिंह और विश्वरंग के सांस्कृतिक समन्वयक विनय उपाध्याय ने भी गतिविधियों की जानकारी दी।

### वैश्विक विमर्श

विश्वरंग में 23 दिसंबर को महत्त्वपूर्ण सत्र हमारी धरती, हमारा भविष्य, विषय पर केन्द्रित होंगे। कविता, कहानी, उपन्यास, चित्रकला फिल्म और संगीत के माध्यम से प्रकृति, पर्यावरण तथा जीवनगत अन्य सरोकारों पर अग्रणी रचनाकार तथा आलोचक अपने विचार व्यक्त करेंगे।

### विश्वरंग सम्मान

विश्वरंग का एक उल्लेखनीय और विशिष्ट आयाम विश्वरंग सम्मान होता है। इस बार यह सम्मान डॉ. धनंजय वर्मा (हिन्दी), डॉ. जानकी प्रसाद शर्मा (उर्दू), मनोरंजन ब्यौपारी (बांग्ला), वसंत आबा डहाके (मराठी), सुजाता चौधरी (उड़िया, अंग्रेजी), प्रो. कोलकपुरी एनाक (तेलगू), महादेव टोप्पो (हिन्दी कुडुख) को प्रदान किये जायेंगे।

### लोक का समावेश भी

विश्वरंग के सांस्कृतिक फलक को लोक जनजातीय, शास्त्रीय और सुगम संगीत तथा नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियाँ भी रंगोमहक से सरोबार करेंगी। राजस्थान के प्रसिद्ध मांगणिहार लोक गायन, मध्यप्रदेश का भगोरिया जनजातीय नृत्य, मालवा का लोक नृत्य और संगीत, श्री जानकी बैंड, साधो बैंड की संगीत प्रस्तुतियों के अलावा तालवाद्य कचहरी च्मध्यलयज्, प्रख्यात गायिका प्रतिभासिंह बघेल की संगीत सभा, महेश, अमित, ऋषभ की वायोलीन तिगलबंदी, साक्षी शेवलीकर का मोहन वीणा वादन आदि भी आकर्षण का केन्द्र होंगे।

# आदित्य बैकिंग में 49 छात्राओं का हुआ चयन

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय भोपाल के ट्रेनिंग और प्लेसमैंट सेल द्वारा आदित्य बैकिंग और फाइनेंस के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की 49 छात्राओं का चयन प्रतिष्ठित पदों के लिए किया गया। कार्यक्रम में शुभेंद्र गुप्ता, एचआर हेड धर्मेंद्र कुमार, मैनेजर आशा गिरी, आदित्य बैकिंग और फाइनेंस के पांच अन्य सदस्य सहित प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ.गीता गुवालानी भी उपस्थित थी।



चयन प्रक्रिया में दो दौर शामिल थे। इसमें पहला समूह चर्चा और दूसरा व्यक्तिगत साक्षात्कार था। इस दौरान संचार और इंटर पर्सनल स्किल की सर्वोपरि भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सम्बन्धित पदों के लिए आवश्यक योग्यताओं में उत्कृष्ट बोलने की क्षमता, टीम वर्क और दबाव को सकारात्मक रूप से लेने की क्षमता आदि शामिल थे। जिसका संचालन धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया। प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त महाविद्यालय की 49 छात्राओं का चयन प्रतिष्ठित पदों के लिए किया गया, जो कि महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि बैकिंग इन दिनों युवाओं के बीच काफी आकर्षक और बेहतरीन करियर विकल्प के रूप में उभर रहा है। ऐसे अवसरों का छात्राओं के करियर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने उत्कृष्टता और विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय के समर्पण को दोहराया। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस सफल आयोजन हेतु ट्रेनिंग और प्लेसमैंट सेल को बधाई देकर चयनित छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- भोपाल

माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03 ) भोपाल ( म.प्र.) 462003

नि. आं. सू. क्रं.16 / एन.एच.एम / 2023-24 / 1430 भोपाल दिनांक 11.12.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) ( Department of Directorate of Health Services) सं.क्रं. 1 तीन पद्धति से एवं स, क्रं. 2 से 3 तक दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

**ई-निविदा सूचना क्रमांक-16 / 2022-23 दिनांक 11.12.2023**

| सं. क्रं. | टेण्डर नं. 2023_ DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 318960 | उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन चौतलाय विकासखण्ड सिवनी मालवा जिला होशंगाबाद का 06 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाईप आवासगृहो इत्यादि में उन्नयन/निर्माणकार्य। | 233.81 | 233810/- | 15000/- | 12 माह |
| 2 | 318961 | जय प्रकाश अस्पताल परिसर भोपाल में सीएमएचओ भवन का मरम्मत कार्य, भोपाल जिले के अर्न्तगत जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर मे स्थित 04 नग एफ टाईप आवासीय क्वार्टर का मरम्मत कार्य एवं एच-03 आवासीय क्वार्टर का मरम्मत कार्य । | 44.50 | 50000/- | 5000/- | 04 माह |
| 3 | 318962 | जिला रायसेन विकासखण्ड बाडी ग्राम घाटपिपरिया में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य । | 60.31 | 60310/- | 10000/- | 06 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 14.12.2023 प्रातः 10.30 से दिनांक 27.12.2023 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है ।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन. एच. एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट ( http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा ।

जी-21883/23

**कार्यपालन यंत्री**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

E-mail:cmoseonimalwa@mpurban.gov.in

कार्यालय दूरभाष-07570-220249,220250

क्रमांक 4721/रा./न.पा./2023 सिवनी मालवा दिनांक 13.12.2023

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा समस्त जलाऊ लकड़ी विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि शीत लहर प्रकोप के बचाव हेतु निकाय को अलाव के लिये जलाऊ लकड़ी की आवश्यकता है। अतः अपनी-अपनी दर प्रति क्विटल की दर से 1000/- रुपया अमानत राशि के साथ बंद लिफाफे में दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 20.12.2023 तक निर्धारित दर पर बंद लिफाफे में जमा कर सकते है।

नोटः- नीलामी से संबंधित शर्ते एवं जानकारी नगर पालिका के राजस्व शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**सिवनी मालवा**

## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति हरदा जिला हरदा (म.प्र.)

Email-mpapmcharda@gmail.com

क्रमांक/मंडी/स्टोर/23-24/2396 हरदा, दिनांक 16.12.2023

**दर आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि मंडी कार्यालय हरदा में निम्नांकित सामग्री एवं कार्यों हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। दरें बंद लिफाफों में दिनांक 02.01.2024 तक मंडी कार्यालय में जमा करें। जो दिनांक 03.01.2024 को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

1. लेखन सामग्री/स्टेशनरी प्रदाय
2. फ्लैक्स निर्माण एवं प्रदाय।
3. प्रारुपों का मुद्रण कर प्रदाय।
4. टेंट सामग्री हेतु किराया दर।
5. माईक व्यवस्था संबंधी किराया दर।

विस्तृत जानकारी तथा शर्ते कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार मंडी समिति हरदा के पास सुरक्षित रहेगा।

**संजीव श्रीवास्तव**
**सचिव**

देशबन्धु

भोपाल, मंगलवार 19 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# भारत को लेकर अमेरिका की चिंता

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए बने अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ ने बाइडेन सरकार से अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भारत को 'विशेष चिंता वाला देश' घोषित करने का आह्वान किया है। यह आयोग 2020 से लगातार ऐसी ही मांग उठाते आया है। इस साल फिर आयोग ने कहा है कि भारत व्यवस्थित तरीके से लोगों की धार्मिक आजादी और आस्था को निशाना बना रहा है। इसलिए भारत को विशेष चिंता का देश नामित किया जाए। खास बात यह है कि इस बार भारत के लिए यह नकारात्मक टिप्पणी विदेशों में धार्मिक अल्पसंख्यकों को कथित रूप से निशाना बनाने का हवाला देते हुए की गई है। कुछ समय पूर्व कनाडा में खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और उसके बाद अमेरिका में इसी तरह गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को आयोग ने चिंताजनक बताया है। हालांकि इन दोनों मामलों पर भारत की प्रतिक्रिया को लेकर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा है कि जरूरी नहीं कि दोनों मुद्दे एक जैसे हों। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां हम जो करते हैं जिम्मेदारी से करते हैं।

अच्छी बात है कि भारत सरकार कहीं तो ये स्वीकार कर रही है कि वो जो करती है जिम्मेदारी से करती है। वर्ना पिछले कुछ सालों में तो यही दिख रहा है कि बड़े-बड़े फैसले बिना किसी जिम्मेदारी के लिए जा रहे हैं। नोटबंदी और लॉकडाउन जैसे फैसले इसकी मिसाल हैं, जिनमें लाखों लोग प्रभावित हो गए और फिर भी कहीं किसी की जिम्मेदारी नहीं तय हुई। अभी संसद पर इतने सनसनीखेज तरीके से धुएं का हमला किया गया, उस पर भी सरकार में बैठे जिम्मेदार लोग, जिम्मेदार तरीके से जवाब देने से बचते रहे हैं। अब कम से कम विदेश मंत्री ने जिम्मेदारी से काम करने की बात तो मानी है। इसके बाद अब विदेश मंत्री को इस बात का जवाब भी दे देना चाहिए कि आखिर क्यों अमेरिकी आयोग लगातार तीसरे साल भारत की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंताजनक टिप्पणी कर रहा है। जिस तरह प्रेस की स्वतंत्रता से लेकर भुखमरी के आंकड़ों तक भारत हर अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग को गलत बताता आया है, और इससे पहले अमेरिकी आयोग की धार्मिक स्वतंत्रता की रिपोर्ट को भी खारिज करता आया है, इस साल की रिपोर्ट को भी रद्दी की टोकरी में डाला जा सकता है। लेकिन अयोध्या के बाद मथुरा और काशी में अपने संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार बैठी भाजपा क्या यह बताएगी कि आखिर साल दर साल एक जैसी ही चिंता क्यों व्यक्त की जा रही है। कहीं कोई चिंगारी सुलग तो रही है, जिसका धुआं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नजर आने लगा है।

अयोध्या में राम मंदिर तो बन कर लगभग तैयार हो ही चुका है, इस बीच पिछले साल काशी में ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के लिए अदालती आदेश जारी हुआ था और अब मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में कोर्ट की निगरानी में सर्वे कराने की मांग स्वीकार कर ली गई है। 1991 में लागू किया गया प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट अब अपनी प्रासंगिकता खोता जा रहा है, जिसमें कानूनी प्रावधान है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। जब यह कानून बनाया गया था, उस वक्त किसी ने शायद कल्पना नहीं की होगी कि भारत को हिंदू राष्ट्र में तब्दील करने का उन्माद इतने व्यापक तौर पर असर दिखाने लगेगा। लेकिन 30 सालों में गंगा-जमुना में इतना पानी बह गया है कि गंगा-जमुनी संस्कृति भी वक्त की धार में खो गई है। अब जो जितनी नफरत के साथ राजनैतिक सौदेबाजी करेगा, वो उतना बड़ा नेता कहलाएगा। तो इस वक्त देश में सत्ताधारी लोगों में बड़ा नेता बनने की होड़ लगी हुई है।

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हलाल और झटके के मांस पर राजनीति करते हुए कहा है कि मैं उन मुसलमानों की प्रशंसा करता हूं जो केवल हलाल मांस ही खाते हैं। अब हिंदुओं को अपनी धार्मिक परंपराओं के प्रति इसी तरह की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि हत्या करने का हिंदू तरीका झटका है। इसलिए हिंदुओं को हमेशा झटका पर कायम रहना चाहिए। अब तक नवरात्रि और सावन के महीने में मीट की दुकानें बंद करने की मुहिम छेड़ी जाती थी। फिर कई जगहों पर धार्मिक स्थलों के आसपास मांस की दुकानें बंद करवाई गईं। जयपुर में मांसाहारी खाद्य वस्तुओं के ठेले बंद करवाने का अभियान छेड़ा गया, हालांकि पांच सितारा होटलों पर ऐसा कोई जोर नहीं दिखाया गया। और अब हलाल और झटके के मांस को लेकर राजनेता सलाह देने लगे हैं कि किसे क्या खाना चाहिए और क्यों खाना चाहिए।

उधर असम में बीते बुधवार सरकार संचालित और सरकारी सहायता प्राप्त 'एमई मदरसों' यानी मिडिल स्कूल मदरसों को तत्काल प्रभाव से सामान्य स्कूलों में बदलने का निर्देश दिया गया है, जिसके बाद राज्य के 1,281 मदरसे अब एम ई स्कूल कहलाएंगे, मदरसा नहीं। अरबी के शब्द मदरसा का अर्थ पाठशाला, विद्यालय या स्कूल ही होता है। लेकिन धर्म के नाम पर भेदभाव करने वाले लोग भाषा के भेद को समझ नहीं सके। उन्हें इस्लाम से ही नहीं, अरबी के शब्द से भी तकलीफ होने लगी। क्योंकि अपने संकुचित नजरिए में वे यह देख ही नहीं पाए कि मदरसा केवल धार्मिक शिक्षा तक सीमित नहीं होता है, जहां कहीं भी ज्ञान की शाला लगती है, वो मदरसा ही कहलाएगा। दरअसल असम में भाजपा सरकार ने 2021 में मदरसा शिक्षा-संबंधित दो अधिनियमों को समाप्त करने के लिए एक कानून बनाकर सभी सरकारी और प्रांतीय मदरसों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की थी, तब हिमंता बिस्वासरमा शिक्षा मंत्री थे। अब वे मुख्यमंत्री हैं और उनकी सरकार मदरसों को बंद करने पर तुली है। भाजपा का तर्क है कि सरकारी पैसे पर धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती। लेकिन क्या यह तर्क सरस्वती शिशु मंदिर जैसे शिक्षा संस्थानों पर भी लागू होगा, यह विचारणीय है।

बहरहाल, हलाल, झटका और मदरसा बनाम स्कूल तक के तमाम विवाद कपड़ों की पहचान के गुजरात मॉडल को ही अभिव्यक्त कर रहे हैं। जब तक सत्ता हाथ में है, तब तक इस बात की फिक्र क्यों की जाए कि भारत में बढ़ रही धार्मिक असहिष्णुता को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसी छवि बन रही है।

# मी लार्ड फैसला मिला है, पर न्याय नहीं मिला!


20 19 के अगस्त में शुरू में जम्मू-कश्मीर के संबंध में केंद्र सरकार ने जो विवादास्पद कदम उठाए, उनकी कानूनी/ संवैधानिक वैधता पर उस समय संसद में तथा संसद के बाहर भी गंभीर सवाल उठे थे और उसी आधार पर इन कदमों को सुप्रीम कोर्ट में कई राजनीतिक तथा सामाजिक-नागरिक अधिकार संगठनों की ओर से चुनौती भी दी गई थी। बहरहाल, कानूनी वैधता पर विवाद के विपरीत, मोदी सरकार के उक्त कदमों के संबंध में एक बात निर्विवाद थी। ये कदम सत्ताधारी भाजपा और उससे भी बढ़कर उसके मातृ संगठन, आरएसएस के बुनियादी लक्ष्यों में से एक को पूरा करने वाले कदम थे। कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली, संविधान की धारा-370 को खत्म कराना, स्वतंत्रता की शुरूआत से ही आरएसएस के और उसके द्वारा खड़ी की गई राजनीतिक पार्टियों, पहले जनसंघ और आगे चलकर भाजपा के मूल एजेंडे पर रहा था। अगर सवा चार साल पहले, भाजपा की प्रबल बहुमत की सरकार ने, आरएसएस के इस पुराने एजेंडे को पूरा कर दिया था, तो अब सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने, मोदी सरकार के उक्त कदमों पर वैधता की मोहर लगाकर, आरएसएस के उक्त एजेंडे के पूरे किए जाने को, तथाकथित अमृतकाल के भारत की नियति बना दिया है।

कहने की जरूरत नहीं है कि देश को बलपूर्वक इस दिशा में धकेले जाने की समस्या सिर्फ यह नहीं है कि यह दिशा आरएसएस के एजेंडे की है। समस्या यह है कि यह दिशा, इस देश के स्वतंत्रता संघर्ष की मूल दिशा से उल्टी है। स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है। आरएसएस के एजेंडे की मूल दिशा, जो जम्मू-कश्मीर की इस बहुसंख्यक आबादी के प्रति वैरभाव पर आधारित है, इस नाजुक रिश्ते को उधेड़ने का ही काम कर सकती है, फिर चाहे एक भूभाग के रूप में उसके कितने ही बड़े हिस्से पर बलपूर्वक नियंत्रण रखना क्यों न संभव हो।

इसलिए, भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के बीच से निकली, स्वतंत्र भारत की मूल संकल्पना की परवाह करने वाला कोई व्यक्ति अगर बरबस, बाबरी मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बैंच के ही फैसले के बाद चलन में आई इस उक्ति को एक बार फिर दोहराए तो हैरानी की बात नहीं होगी—मी लार्ड, फैसला मिला है, न्याय नहीं!

न्याय नहीं मिलने के दो पहलू हैं, जो आगे चलकर आपस में जुड़ जाते हैं। पहला तो यही कि धारा-370 के निरस्त किए जाने को वैध ठहराते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उस विशिष्ट रिश्ते की ओर से आंखें ही मूंदे रखी हैं, जिसकी अभिव्यक्ति इस धारा की विशिष्ट व्यवस्था में हो रही थी। इसी का नतीजा सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस दावे के रूप में सामने आता है कि जम्मू-कश्मीर के भारतीय संघ के साथ विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, उसकी कोई 'आंतरिक संप्रभुता' नहीं रह गई थी। और इसलिए, संप्रभुता के इकलौते आसन के रूप में भारतीय संघ को, अपने अंग के रूप में उसके लिए निर्णय लेने के समस्त अधिकार हैं, जिसमें धारा 370 को खत्म करना भी शामिल है।

लेकिन, संप्रभुता की यह नितांत एकात्मवादी अवधारणा है, जबकि भारतीय संविधान में स्थापित संघीय व्यवस्था, संप्रभुता की एक बहुपरतीय अवधारणा की मांग करती है, जहां स्वायत्तता के रूप में संप्रभुता के तत्व दूर तक बिखरे रहते हैं। राज्यों के अधिकारों की विस्तृत व्यवस्था पर आधारित भारतीय संघीय व्यवस्था, संप्रभुता के तत्वों के इसी बिखराव की अभिव्यक्ति है। धारा-371 के अंतर्गत उत्तर-पूर्व के अनेक राज्यों में तथा अन्य कई राज्यों में भी, संघीय शासन के बरक्स स्थानीय शासन को दिए गए विशेषाधिकार, इसी का एक और स्तर हैं। धारा-370 इसी के एक और स्तर को अभिव्यक्त करती थी, जिसमें इस रूप में इसकी अनुल्लंघनीयता की गारंटी भी जोड़ी गई थी कि इसका अनुमोदन करने वाली जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के अनुमोदन से ही, इसे बदला जा सकता था। यह एक पवित्र वादे की अभिव्यक्ति थी, जो भारतीय संघ की ओर से विलय के समय, जम्मू-कश्मीर की जनता से किया गया था।



राजेंद्र शर्मा

> स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है।

लेकिन, 2018 में राज्य में राज्यपाल/ राष्ट्रपति शासन लगाकर, विधानसभा के भंग किए जाने के जरिए, कपटपूर्वक इस वादे को तोड़े जाने का रास्ता तैयार किया गया, जिस पर अदालत ने इसलिए अनुमोदन की मोहर लगा दी है कि उसकी नजर में ऐसा करना उस संप्रभुता के दायरे में था, जिसका एकमात्र संघ में ही वास है। संप्रभुता की इसी सीमित करने वाली अवधारणा का विस्तार कर, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में, पांच सदस्यीय संविधान पीठ इस मनमाने निष्कर्ष पर पहुंची कि संविधान की धारा, जम्मू-कश्मीर के भारत से 'पूर्ण-एकीकरण' के लिए की गई एक 'अस्थायी' व्यवस्था थी और इसलिए, उसका खत्म होना उसके अस्तित्व के उद्देश्य के ही पूरा होने का सूचक है। धारा 370 के खत्म किए जाने के लिए, इस धारा को ही दलील बनाए जाने से, ऊटपटांग चीज दूसरी नहीं हो सकती है।

न्याय नहीं मिलने का दूसरा पहलू, मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे दो केंद्र शासित क्षेत्रों में बांटने के निर्णय से संबंधित है। राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे टुकड़ों में बांटने का यह निर्णय, इसके बावजूद लिया गया था कि उस समय जम्मू-कश्मीर विधानसभा अस्तित्व ही नहीं थी जबकि संघीयता के तकाजों के आधार पर संविधान इसकी स्पष्ट व्यवस्था करता है कि संघ के हिस्से के रूप में किसी राज्य के दर्जे या उसकी सीमाओं में बदलाव के लिए, संघ का प्रस्ताव राष्ट्रपति द्वारा राज्य की राय हासिल करने के लिए उसे भेजा जाना आवश्यक है, भले राज्य की राय राष्ट्रपति के लिए बाध्यकर नहीं होती है। इस मामले में कपटपूर्वक इस मामले में राज्य की राय के स्थानापन्न के रूप में राज्यपाल की राय को रख दिया गया, जो निर्विवाद रूप से संघीय सरकार का एजेंट होता है। विचार करने का प्रश्न यह था कि क्या केंद्र को इसकी इजाजत दी जा सकती है कि, अपने ही एजेंट की राय को, राज्य की राय बनाकर, राज्यों के साथ अपनी मनमानी का रास्ता बना ले।

दुर्भाग्य से सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस प्रश्न को सीधे संबोधित करने से बचने का ही रास्ता ही अख्तियार किया। उल्टे उसने पूरे मामले में विचार कर कोई निर्णय देने से ही इस बहाने से इंकार कर दिया कि संघ सरकार की ओर से यह वादा किया गया था कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। इसलिए, इस प्रश्न पर विचार करने की जरूरत ही नहीं रह जाती है! लेकिन, इस मामले में विवाद में न जाने की अदालत की उत्सुकता इतनी प्रबल थी कि उसने वादा करने वाले संघीय शासन से यह तक जानने की जरूरत नहीं समझी कि राज्य के दर्जे की बहाली कब की जाएगी? उल्टे, उसी फैसले में उसने मोदी सरकार के उन्हीं कदमों के क्रम में, जम्मू-कश्मीर को तोड़कर, लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र बनाए जाने को वैध भी, ठहरा दिया। यानी कुल मिलाकर, एक राज्य को उसकी राय लिए बिना टुकड़ों में बांटे जाने को उसी अदालत ने वैध ठहरा दिया, जिसने ऐसा किए जाने की वैधता को दी गई चुनौतियों पर विचार कर इस पर संवैधानिक व्यवस्था स्पष्ट करने की जरूरत नहीं समझी।

एक नजीर के रूप में, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का यह पहलू, जम्मू-कश्मीर के साथ जो कुछ करता है, उसके अलावा देश की संघीय व्यवस्था मात्र के लिए गंभीर खतरे का रास्ता खोल देता है। इस तरह तो कोई संघीय शासन अपनी मर्जी से पहले किसी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाकर और इस तरह से वहां अपने एजेंट के रूप में राज्यपाल को राज्य की राय का स्थानापन्न बनाकर, इस कपटचाल के जरिए आसानी से किसी राज्य का दर्जा घटा सकता है, उसे तोड़ सकता है, उसकी सीमाओं को बदल सकता है या उसके क्षेत्र का किसी दूसरे राज्य में विलय कर सकता है। सिद्धांत रूप में तो इस तरह संघीय शासन, सभी राज्यों को खत्म कर, संघीय ढांचे का अस्तित्व ही खत्म कर सकता है और देश में एकात्मक व्यवस्था कायम कर सकता है। जिस तरह, धारा 370 का सहारा लेकर धारा 370 को खत्म किया गया है, उसी प्रकार संघीय व्यवस्था करने वाले संविधान का सहारा लेकर, संघीय व्यवस्था को भी खत्म किया जा सकता है।

अन्याय के ये दोनों पहलू वहां जुड़ जाते हैं, जहां संविधान पीठ भारतीय संघ के केंद्रीयकरणकारी मंसूबों पर अंकुश लगाने का अपना संवैधानिक दायित्व पूरा करने के बजाय, उसमें संप्रभुता के वास के नाम पर ज्यादा से ज्यादा उसके कदमों के साथ चलता नजर आता है। हैरानी की बात नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के दो-दो पूर्व-न्यायाधीश अब तक सार्वजनिक रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अन्यायपूर्ण करार देकर, सर्वोच्च न्यायालय से अपने निर्णय को बदलने की मांग कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व-न्यायाधीश रोहिंग्टन नारीमन ने तो यह गंभीर सवाल भी उठाया है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह अन्याय कैसे होने दिया कि जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन का बिना किसी आधार के विस्तार किया जाता रहा है, जबकि देश का संविधान एक साल से आगे विस्तार पर काफी कड़ाई से अंकुश लगाता है और इसके कोई लक्षण नहीं हैं कि जम्मू-कश्मीर के मामले में इस कड़े अंकुश के तकाजों को पूरा किया गया हो। परोक्ष रूप से वह इसका इशारा करते नजर आते हैं कि जम्मू-कश्मीर के प्रति, संघ परिवार के सांप्रदायिक पूर्वाग्रह से संचालित अन्याय में, सुप्रीम कोर्ट भी हमकदम बनता नजर आता है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# उत्तर प्रदेश में विपक्ष का बड़ा राजनीतिक प्रदर्शन 20 दिसंबर से

■ **अरुण श्रीवास्तव**

भाजपा की कथित जनविरोधी सरकार से छुटकारा पाने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस अब 20 दिसंबर को सहारनपुर के शाकंभरी देवी मंदिर से अपनी उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा शुरू करेगी जो 25 दिनों तक चलने के बाद नैमिषारण्य (सीतापुर) में समाप्त होगी। इस दौरान यात्रा उत्तर प्रदेश के 10 पश्चिमी और मध्य जिलों के 16 संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

जाहिर तौर पर यह यात्रा कांग्रेस का शो है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा वरिष्ठ विपक्षी नेता, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और कई वरिष्ठ विपक्षी नेता भी भाग लेंगे।

तीन हिंदी भाषी राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में अपनी करारी हार से सबक लेते हुए कांग्रेस नेतृत्व सावधानी से कदम बढ़ा रहा है। 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के ठीक बाद यह यात्रा विपक्ष के नेताओं को प्रेरित करने और उन्हें एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगी।

> तीन हिंदी भाषी राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में अपनी करारी हार से सबक लेते हुए कांग्रेस नेतृत्व सावधानी से कदम बढ़ा रहा है। 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के ठीक बाद यह यात्रा विपक्ष के नेताओं को प्रेरित करने और उन्हें एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगी।

आरएसएस द्वारा चुनावी प्रबंधन की कमान संभालने और रणनीति तैयार करने के साथ, कांग्रेस के लिए इंडिया ब्लॉक के घटकों को एक साथ लाने और आरएसएस की योजना को चुनौती देने की रोमांचकारी तात्कालिकता पैदा हो गई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा और नरेंद्र मोदी भगवा राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र का सार्वजनिक चेहरा होंगे, मतपत्र की मुख्य लड़ाई आरएसएस द्वारा लड़ी जायेगी।

भाजपा के चुनावी तंत्र पर अपनी मजबूत पकड़ बनाये रखने का आरएसएस का संकल्प इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रूप में अपने तीन भरोसेमंद कैडरों को स्थापित करने की योजना में स्पष्ट रूप से प्रकट होता है, भले ही इन राज्यों में भाजपा को जीत दिलाने के लिए मोदी को श्रेय दिया जा रहा है। स्पष्ट राजनीतिक मजबूरियों के कारण आरएसएस नेतृत्व मोदी को दरकिनार करना पसंद नहीं करेगा, लेकिन तब यह उन्हें चुनावी रणनीतियों और तैयारियों में हस्तक्षेप करने की अनुमति भी नहीं देगा।

हालांकि मोदी और अमित शाह को उत्तर प्रदेश में पार्टी के लिए रणनीतिकार माना जाता है और वे स्पष्ट रूप से राज्य के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं, यह आरएसएस नेतृत्व है जो दिशानिर्देश जारी कर रहा है और नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार कर रहा है। यद्यपि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरएसएस कैडर नहीं हैं, संघ नेतृत्व उनकी नाव को बर्बाद करने को तैयार नहीं है।

सत्ता विरोधी खतरे को खत्म करने के लिए आरएसएस ने जिला इकाइयों के पदाधिकारियों में फेरबदल और बदलाव का काम किया है। आरएसएस का मुख्य निशाना पश्चिमी उत्तर प्रदेश रहा है। संयोग से 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे के बाद आरएसएस ने इस क्षेत्र में एक मजबूत आधार हासिल कर लिया था। लेकिन हालिया किसान आंदोलन के मद्देनजर क्षेत्र में राजनीतिक परिदृश्य और समीकरण बदल गये हैं। जिन जाटों ने मुसलमानों पर खतरनाक हमले किये थे, वे अविश्वास के तत्व पर काबू पा चुके हैं और अब मुसलमानों के साथ अच्छे संबंध बना रहे हैं। जाटों ने भाजपा से नाता तोड़ लिया है। भाजपा के लिए बुरी खबर यह है कि हिंदू किसानों के एक बड़े वर्ग ने भाजपा की ओर से मुंह मोड़ लिया है। किसान आंदोलन के दौरान मरने वाले 800 किसानों में से अधिकांश राज्य के पश्चिमी क्षेत्र के थे।

यह भाजपा से हिंदू अलगाव का तत्व है जिसने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा को पश्चिमी यूपी में केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया है। 2024 के आम चुनाव पर नजर रखते हुए सपा, बसपा और कांग्रेस ने मुस्लिम वोटों को लुभाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। फिर भी वे देश के राजनीतिक रूझान का अनुसरण करना पसंद कर सकते हैं और वे हो सकता है कि कांग्रेस के पीछे चल दें।

कांग्रेस भाजपा को हरा सकती है, लेकिन राज्य से लोकसभा सीटें जीतने के लिए उसे हिंदुत्व को लेकर आरएसएस द्वारा शुरू किये गये मनोवैज्ञानिक युद्ध को हराना होगा।

राज्य में जाति निर्णायक कारक रही है, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व स्थानीय जाति क्षत्रपों तक पहुंचने में विफल रहा है। उत्तर प्रदेश में 17 आरक्षित लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से अधिकांश पर दलित वोट बैंक का प्रभाव है। लेकिन सच तो यह है कि न तो समाजवादी नेता अखिलेश और न ही कांग्रेस ग्रामीण स्तर पर इस आबादी तक पहुंच पाई है। कांग्रेस के दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का जादू दलितों को कितना प्रेरित करेगा, यह अभी साफ नहीं है।

2024 के चुनाव में दलित मतदाताओं का विश्वास जीतना, जो धीरे-धीरे मायावती और बसपा से दूर हो रहे हैं, विपक्षी दलों का प्राथमिक मिशन रहा है।

योगी के सत्ता में आने के बाद पिछले सात सालों में भाजपा ने समाजवादी पार्टी और बीएसपी से कई दलित नेताओं को अपने पाले में कर लिया है। हाल के महीनों में अखिलेश अपने 'पीडीए' (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) नारे के जरिये दलित मतदाताओं को जोड़ने में सक्रिय हैं। लेकिन यह काम करता नजर नहीं आ रहा है। दलित यादवों के वर्चस्व को लेकर सशंकित हैं। दलित नेताओं को लगता है कि वे न तो समाजवादी पार्टी में और न ही भाजपा में स्वीकार्य हैं। उनसे बस दिखावा किया जाता है।

कांग्रेस के साथ समस्या यह है कि वह इस उलझन में फंसी हुई है कि किसके साथ गठबंधन किया जाए- चाहे यह ऊंची जातियों के साथ हो या दलितों के साथ। दोनों के बीच घोर विरोधी संबंध हैं। वह स्थानीय दलित नेताओं द्वारा गठित विभिन्न छोटे दलित उन्मुख दलों के साथ तालमेल को लेकर भी उलझन में है।

एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि कांशीराम की विरासत पर कब्ज़ा किया जा रहा है। सभी दल उन्हें और उनकी विचारधारा को पहचानने का प्रयास कर रहे हैं। 9 अक्टूबर को कांग्रेस ने उनके आदर्शों पर केंद्रित 'दलित गौरव यात्रा' शुरू की। सपा भी बाबासाहेब अंबेडकर और कांशीराम दोनों का आह्वान करते हुए 'संविधान बचाओ जन चौपाल' आयोजित कर रही है। राष्ट्रीय राजनीतिक दिग्गजों को अपने पाले में करने में माहिर आरएसएस ने सभी प्रतिस्पर्द्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिस्पर्धा कड़ी कर दी है।

हाल के विधानसभा चुनावों में 35 प्रतिशत वोट शेयर के साथ समाजवादी पार्टी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी है और यह इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी है। यह एक मिथ्या आख्यान है कि मोदी के करिश्मे ने भाजपा को 2019 के चुनाव में 62 लोकसभा सीटें जीतने में मदद की थी। सच तो यह है कि पुलवामा में सैनिकों की हत्या के बाद की लहर मोदी और भाजपा के लिए आश्चर्यजनक रूप से लाभदायी साबित हुई। अगर पुलवामा कांड नहीं हुआ होता तो भाजपा की सबसे बुरी हार होती। तीन राज्यों में जीत का श्रेय मोदी को देते हुए, विश्लेषक अक्सर इन राज्यों में आरएसएस द्वारा निभाई गई भूमिका को नजरअंदाज कर देते हैं। यदि मोदी वास्तव में निर्णायक होते तो उन्होंने आरएसएस को इन राज्यों में आरएसएस कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री बनाने की अनुमति नहीं दी होती।

## पावन प्रसंग

# संभावानाएं जगाएं, सृष्टि सुंदर बनाएं

भगवान ने इंसान को बहुत उत्साह से बनाया है। जितना परिश्रम, जितनी योजना निधाता ने इंसान को गढ़ने में लगाए हैं-ऐसा प्रतीत होता है कि उतना परिश्रम भगवान ने अन्य किसी प्राणी के साथ नहीं किया। भगवान ने इंसान को एक विशेषता, मौलिकता और गुण देकर के भेजा है। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि यदि सृष्टा को अपनी सृष्टि चलाने में किसी प्राणी के सहयोग की आवश्यकता आन पड़े तो उसे मनुष्य के अतिरिक्त और कोई प्राणी सम्यक रीति से कर पाने में सक्षम नहीं है। उन्होंने इंसान के भीतर वह सारी शक्तियां और विभूतियां सजाकर के रख दी हैं, जो स्वयं परमेश्वर के भीतर थीं और इसीलिए इंसान को भगवान का अंश कहकर पुकारा जाता है। इंसान के भीतर वही विभूतियां हैं, वही शक्तियां हैं जो भगवान के भीतर हैं या हो सकती हैं। एक जैसी शक्तियां, एक जैसी विशेषताएं दोनों के ही भीतर हैं। शक्तियों की दृष्टि से देखें तो हम अन्य प्राणियों की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हैं, ज्यादा सामर्थ्यवान हैं। संभव है कि शारीरिक बल की दृष्टि से हम हाथी, शेर, गैंडे इत्यादि से कमजोर सिद्ध हों,परंतु तब भी क्या यह सत्य यही कि ये ही इंसान हाथी पर महावत बनकर, शेर पर रिंग मास्टर बनकर सवारी करता नजर आता है। ऐसा इसलिए कि बौद्धिक दृष्टि से आत्मिक दृष्टि से जो शक्ति इंसान के पास है, वो दूसरों को नसीब नहीं है। इसीलिए जहां हम शारीरिक दृष्टि से कम पड़ते हैं, तो वहां-वहां उन दिक्कतों से पार पाने के लिए हमने दूसरे मार्ग खोज लिए हैं।

जैसे हम एक चीते से तेज नहीं दौड़ सकते हैं, पर हमारी बनाई कार दौड़ सकती है। हम हाथी से ज्यादा वजन नहीं उठा सकते, पर हमारी बनाई क्रेन तो उठा सकती है। हम मछली की तरह डुबकी नहीं लगा सकते पर हमारा द्वारा बनाई हुई पनडुब्बी तो है। हम पक्षियों की तरह उड़ नहीं सकते तो मनुष्यों द्वारा बनाया हवाई जहाज उड़ सकता है। कहने का अर्थ मात्र इतना है कि ईश्वर ने इंसान को ऐसी बौद्धिक क्षमता देकर भेजा है कि जिन-जिन क्षेत्रों में हम दूसरे प्राणियों से पिछड़ते दिखे, उन-उन क्षेत्रों में हमने शक्ति के या तो दूसरे स्रोत ढूंढ लिए या अन्य माध्यम ढूंढ लिए। इसके अतिरिक्त शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक ही नहीं, इंसान के पास आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग भी खुले हैं।

अनेक महामानवों का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि यदि मनुष्य अपने भीतर की दिव्य संभावना को जाग्रत करना जान जाता है तो वो ऋषि मुनि, सिद्ध, संत, महात्मा बनता दिखाई पड़ता है और उन संभावनाओं को साकार करता दिखाई पड़ता है, जो इंसानी गुणों की अंतिम पराकाष्ठा है। इतनी सारी महान संभावनाओं के होते हुए भी कई बार आश्चर्य होता है, जब मनुष्य को अत्यन्त तुच्छ, निकृष्ट जीवन जीते देखा जाता है। कई लोग शारीरिक समस्याओं के कारण जीवन में रुके-ठहरे नजर आते हैं तो कई लोग मानसिक उलझनों के शिकार हो जाते हैं। कुछ सामाजिक समस्याओं से परेशान हैं तो कइयों को भावनात्मक आघात निराश करते नजर आते हैं यदि ऐसी परेशानियां हममें से किसी की प्रगति को बाधा पहुंचाती दिखें तो हमें महापुरुषों के जीवन की ओर दृष्टि उठा के देखने की जरूरत है।

जो शारीरिक बीमारियों से कभी परेशान हों तो वो राणा सांगा के जीवनवृत्त को देखें, हरिसिंह नलवा की जिंदगी देखें, अष्टावक्र की जिंदगी देखें और यदि कभी मानसिक दिक्कतें हमें रोकने की कोशिश करें तो हम देखेंगे कि क्या ध्रुव, हरिश्चंद्र, गुरु गोविंद सिंह को भावनात्मक प्रतिघातों को सहन नहीं करना पड़ा था? जो सामाजिक विडंबना की राह पर चल पड़े हैं वे ये साचें कि हमारी समस्याएं कितनी भी बड़ी हों, पर सुदामा से ज्यादा, राणा प्रताप से ज्यादा पूज्य गुरुदेव से ज्यादा नहीं हैं।

सत्य यही है कि हममें से अनेकों के जीवन में कठिनाइयां इतनी ज्यादा या बड़ी नहीं होतीं पर हमें उनको बड़ा करके आंकने की आदत पड़ जाती है। हम सोचें कि हमारे पास जो संभावनाएं है, जो ताकतें हैं, उनका अंत नहीं है, पर जो संभावनाएं हैं, जो ताकतें हैं, उनका अंत नहीं हैं, पर हम अपने कर्तव्य को और भगवान को दिए अपने वचन को विस्मृत करके बैठ गए हैं। कर्तव्य यह है हमारा कि हम भगवान की बनाई इस सृष्टि के निगरानीकर्ता हैं इसको सुव्यवस्थित, सुंदर बनाए रखना कर्तव्य है हमारा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# विकसित गांव से विकसित भारत का सफर

पिछले कुछ दशकों में भारत ने दुनिया के अन्य देशों की तुलना में तेज़ी से तरक्की की है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तो यह विश्व में अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है। दुनिया की लगभग सभी रेटिंग एजेंसियों ने भारत को अगले कुछ सालों में विश्व की सबसे तेज़ उभरती अर्थव्यस्था वाला देश घोषित किया है। यही कारण है कि आज लगभग सभी बड़ी कंपनियां भारत में निवेश करने को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री के हर विदेश दौरे में बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ उनके साथ एक मीटिंग के लिए उत्सुक नज़र आते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में तेज़ी इस बात की परिचायक बनती जा रही है कि अगले कुछ सालों में भारत दुनिया का तीसरा और एक दशक के अंदर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने वाला है। केंद्र सरकार भी देश की सभी राज्यों की सरकार के साथ मिलकर लगभग सभी राज्यों में निवेश के विकल्पों को तलाश रही है।

किसी भी अर्थव्यवस्था की मज़बूती के लिए सबसे पहले वहां बुनियादी सुविधाओं का पूरा होना पहली शर्त होती है। लेकिन अभी भी देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां इनका सबसे अधिक अभाव नज़र आता है। जो ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्रों के करीब हैं वहां तो बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं लेकिन अब भी कई ऐसे दूरदराज़ के इलाके हैं जहां इनका अभाव नज़र आता है। इन्हीं में एक पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का मिकीला गांव है। जहां सड़क और अस्पताल जैसी ज़रूरी चीज़ों का भी घोर अभाव है। राज्य के बागेश्वर जिले से करीब 48 किमी दूर और ब्लॉक कपकोट से 23 किमी दूर इस गांव में पहुंचना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। गांव में न तो बेहतर सड़क है और न ही अस्पताल की सुविधा उपलब्ध है। इस संबंध में गांव के एक 42 वर्षीय हेमंत दानू कहते हैं कि पिछले कई दशकों से गांव वाले इन्हीं अभावों में जीने को मजबूर हैं। किसी प्रकार ग्रामीण अपना जीवन बसर कर रहे हैं। वह आरोप लगाते हैं कि इतने वर्षों में कभी भी कोई प्रशासनिक अधिकारी या संबंधित विभाग के लोग इस गांव की स्थिति के बारे में जानने नहीं आये। हेमंत के साथ ही खड़े खेती किसानी करने वाले 40 वर्षीय संतोष कपकोटी कहते हैं कि केवल प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं बल्कि कोई जनप्रतिनिधि भी हमारा हाल जानने नहीं आता है। लोग चुनाव के समय वादा करते हैं लेकिन पूरा नहीं होता है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी कहती हैं कि किसी भी गांव के विकास के लिए अन्य विषयों के साथ-साथ सड़क और अस्पताल भी बहुत ज़रूरी है। यह गांव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं। ऐसे में इसके विकास को प्राथमिकता देने की ज़रूरत है। वह कहती हैं कि अब बर्फ़बारी का मौसम शुरू हो चुका है। रास्ते बर्फ से ढंक जाएंगे जिससे होकर गुज़रना खतरे से खाली नहीं होता है। जहां सड़कें अच्छी हालत में होती है वहां लोगों को किसी भी मौसम में कठिनाई नहीं है लेकिन जर्जर सड़क के कारण मिकीला गांव इस दौरान अन्य क्षेत्रों से कट जाता है। यह न केवल लोगों के लिए परेशानी का सबब है बल्कि गांव को विकास की राह में और भी पीछे ढ़केल देता है। यह न केवल गांव के विकास बल्कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने में भी रुकावट है।

**हेमा मर्तोलिया, कपकोट उत्तराखंड**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### पूजा कर किया समर्थन मूल्य धान खरीदी केन्द्र का शुभारंभ




**सांची,देशबन्धु।** कृषक सेवा सहकारी समिति सांची द्वारा आज मघदम लार्जेस्ट वियर हाउस पर शासकीय दर पर धान खरीदी केंद्र का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर कांटे का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय जिला सहकारी बैंक प्रबंधक इमरान जाफरी समिति प्रबंधक नरेश राजपूत सहित संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक जाफरी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान अपनी धान उपज केंद्र पर पहुंचाये एवं तथा अपनी उपज पंख लगा कर भेजें । एवं संस्था को उपज खरीदी में सहयोग करें।

### आज से शुरू होगा रामलीला मेला

**सांची,देशबन्धु।** नगर में आज से शुरू रामलीला मेले का भगवान गणेश की पूजा अर्चना एवं स्थापना के साथ शुभारंभ हुआ । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामलीला समिति सांची के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मेले का शुभारंभ भगवान गणेश की पूजा अर्चना एवं स्थापना के साथ हुआ आज भगवान गणेश की शोभायात्रा नगर में विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी एवं पुन: रामलीला मैदान पहुची बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए ।यह रामलीला मेला 5 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा ।

### पूर्व सरपंच ने लगाया निर्माण कार्यों का भुगतान न करने का आरोप



**सिरोंज, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत उनारसी ताल के पूर्व सरपंच राजेश प्रभाकर एवं सोना पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र कुशवाह ने पत्रकार भवन में सोमवार को प्रेसवार्ता में जनपद सीईओ की उदासीनता के चलते अभी तक अमृत सरोवर निर्माण मनरेगा के तहत निर्माण साम्रगी का भुगतान डेढ़ वर्ष बाद भी पंचायत के वर्तमान सरपंचों द्वारा न करने का आरोप लगाया। पूर्व सरपंच प्रभाकर ने बताया कि जिला पंचायत सीईओ से लेकर ग्राम पंचायत सरपंच एवं जनपद पंचायत सीईओ एवं वरिष्ठ कार्यालयों में संपूर्ण दस्तावेज सहित आवेदन दे चुके है मगर डेढ़ वर्ष बीत चुका है मगर मेरा लीजफिट निर्माण संख्या 1 की शेष राषि 25000 रूपए एवं अमृत सरोवर निर्माण मनरेगा के तहत निर्माण साम्रगी राशि मनरेगा से 173463 रुपए एवं 15 वॉ वित्त की शेष राशि 337537 रुपए लगभग 5 लाख 11 हजार रूपये राशि का अबतक भुगतान नहीं हुआ है। जबकि मेरे द्वारा कार्यपूर्णता प्रमाणपत्र एवं सीसी भी जारी हो चुका है। विक्रेताओं द्वारा मुझे बार-बार परेशान किया जा रहा है। जबकि जिला पंचायत सीईओ एवं जनपद पंचायत सीईओ से शिकायत करते है तो सीईओ द्वारा निर्माण कार्यो की जांच की धमकियां दी जाती है। सोना पंचायत के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र कुशवाह ने आरोप लगाया कि 8-10 पूर्व सरपंचों के कार्यकाल के दौरान की निर्माण साम्रगी के बिलों का भुगतान बाकि है। जिसमें मेरे वर्तमान पंचायत सचिव द्वारा 7-8 लाख अमृत सरोवर योजना के तहत शेष राशि का भुगतान नहीं कर रहे है। पथरिया भाजपा मंडल के महामंत्री राजेश प्रभाकर ने बताया कि मेरे कार्यकाल का 5 लाख 11 हजार का लंबित भुगतान नहीं हुआ तो मजबूरन 1 जनवरी से जनपद प्रागंण में धरना प्रदर्शन को बाध्य होगें और उच्च न्यायालय की शरण लेना पड़ेगी। इस संबंध में जनपद सीईओ वदंना शर्मा से उनके मोबाईल पर फोन लगाकर संपर्क करने का प्रयास किया तो उनके द्वारा कॉल रिसीव न होने के चलते संपर्क नहीं हो सका।

# जल संयंत्र पहुंचकर विधायक ने लिया पेयजल आपूर्ति का जायजा

▶ आने वाले दिनों में पानी की समस्या न बढ़े इसके लिए अधिकारियों को अभी से सतर्क रहने के दिए निर्देश



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के विभिन्न वार्डों के रहवासियों के लिए पानी की आपूर्ति करने वाले केथन डेम में इस बार अल्प वर्षा के कारण जलसंकट गहराता हुआ सा दिख रहा है। आने वाले दिनों में यह समस्या और अधिक बढ़ सकता है। इसी के मद्देनजर विधायक उमाकांत शर्मा पेयजल को लेकर अभी से गंभीर है। चुनाव जीतने के बाद सिरोंज पहुंचे भाजपा के विधायक उमाकांत शर्मा ने सबसे पहले प्रशासन के साथ इसी गंभीर मुद्दे को लेकर योजना बनाने का काम किया है ताकि आने वाले अप्रैल मई जून माह में शहरवासियों को जल संकट का सामना न करना पड़े। हालांकि उन्होंने शहरवासियों से व्यर्थ पानी न फेकने का आव्हान करते हुए सहयोग की अपेक्षा की है। रविवार को प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक के उपरांत विधायक उमाकांत शर्मा अधिकारियों को लेकर भोपाल रोड स्थित जल संयंत्र केंद्र पर भी पहुंचे। वाटर फ़िल्टर पर बांध से पानी आने और फ़िल्टर होकर पेयजल के लिए पानी की भंडारण क्षमता का उन्होंने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इस परिसर में यहां वहां बिखरे कबाड़ और जीर्ण शीर्ण हो चुकी बिल्डिंग में बरती जा रही लापरवाही को लेकर भी नपा प्रबंधन पर नाराजगी जताई।

इसके बाद वह केथन बांध में स्थित इंटेकबेल कुंए में लगी मोटर तथा अन्य मशीनरी व वैकल्पिक संसाधनों की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रशासन से पूर्व में बनाई योजना अनुसार डेम में नहर बनाकर कुंए तक पानी लाने वाली योजना पर भी बातचीत कर आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि रविवार को भाजपा विधायक उमाकान्त शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक कर नगर में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति को लेकर सम्पूर्ण वैकल्पिक विकल्पों को तलाशने ओर उनके लिए पर्याप्त संसाधन जुटाने की बात कहते हुए चिंता जाहिर की थी।

**प्राथमिकता से बने नाला:** इसके बाद विधायक उमाकांत शर्मा लिंक रोड पहुँचे। यहाँ उन्होंने कायाकल्प योजना से बन रही सड़क का अवलोकन किया। यहाँ स्थानीय रहवासियों ने भी उनसे नाली निर्माण का काम जल्द प्रारम्भ करवाने का अनुरोध किया। उन्होंने एसडीएम तथा प्रभारी सीएमओ के साथ ठेकेदार को भी तत्काल रूप से नाली का काम शुरू करने के निर्देश प्रदान किए है।

जिले के गांवों में रहकर ग्रामीण विकास को जानेंगे यह विद्यार्थी

# आईआईएम इंदौर से आए विद्यार्थियों ने कलेक्टर से की मुलाकात



**रायसेन,देशबन्धु।** भारतीय प्रशिक्षण संस्थान (आईआईएम) इंदौर के 24 विद्यार्थी जिले के गॉवों का भ्रमण करेंगे। वे यहां रहकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्रामीण विकास कार्यो की पद्धति सीखेंगे। आज कलेक्टर अरविंद दुबे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आईआईएम इंदौर से आए 24 विद्यार्थियों ने मुलाकत की। आईआईएम इंदौर से 24 विद्यार्थी जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण पर आए हैं। कलेक्टर दुबे से भेंट करने के उपरांत यह विद्यार्थी सिलवानी और बेगमगंज के लिए रवाना हुए। कलेक्टर दुबे ने बैठक में विद्यार्थियों से कहा कि जिले में ग्रामीण विकास कार्यो का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य विकास कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इन कार्यो से ग्रामीण जनजीवन में बेहतर और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। आप भी इन बदलाव को देखें, समझे और सीखें। कलेक्टर दुबे ने विद्यार्थियों को बताया कि अब ग्रामों में विकास कार्यो हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ही अधिकतम निर्णय लिए जाते हैं तथा इनके क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ जिले की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, वन क्षेत्र आदि के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि जिले की लगभग 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण और विकास कार्यो की पद्धति को जानना अच्छा अनुभव रहेगा। डीएफओ विजय कुमार द्वारा भी जिले में वन क्षेत्रफल, वन्य जीवों, वन संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यो के बारे में बताया गया।

जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया द्वारा भी विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं, विकास कार्यो, गतिविधियों आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# लंबे अरसे बाद भी नहीं हो सका रैन बसेरे का निर्माण



**सांची, देशबन्धु।** नगर में बेसहारा निराश्रितों एवं इस स्थल पर आने वालों के लिए नगर परिषद प्रशासन ने रैन-बसेरा निर्माण शुरू कराया था तथा तब ऐसा लगता था कि इसका निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा, लेकिन लंबा अरसा गुजरने के बाद भी काम में कोई गति नहीं आई है। रैन-बसेरा निर्माण की नींव ही भर पाई थी कि निर्माण एजेंसी लापता हो गई तब इस रैन-बसेरा को गंदगी ने अपनी चपेट में ले लिया एवं यहां पूर्व से ही एक ट्यूबवेल लगा हुआ है जिससे नगर में पेयजलापूर्ति सुचारू बनाई जाती है परन्तु इस ट्यूबवेल को भी गंदगी ने अपनी जकड़ में ले लिया। गंदगी भरे ट्यूबवेल से ही नगर वासियों को गंदगी भरा पेयजलापूर्ति व्यवस्था जुटाई जाती रही इस ओर नगर परिषद प्रशासन को सुध लेने की फुर्सत नहीं मिल सकी तथा बेसहारों को भी ठिकाना नहीं मिल सका। हालांकि इस स्थल पर निराश्रितों के साथ ही बेसहारा लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। इन दिनों नगर को कड़ाके की ठंड ने अपनी आगोश में जकड़ लिया है तथा जहां लोग अपने घरों में अलाव जला कर एवं ऊनी कपड़ों में दिखाई देते हैं तो दूसरी ओर बेसहारा निराश्रितों को इस कड़ाके की ठंड में भी खुले आसमान के नीचे न तो आग का ही सहारा होता है न ही गर्म कपड़ों की ही पूर्ति हो पाती है। रैन-बसेरा के घटिया निर्माण पर भी सवालिया प्रश्न खड़े हो चुके हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा मसूदपुर और अरनओट पहुंची



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्धारित रूट चार्ट अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम तहत उपलब्ध कराए गये आईईसी वैन जनपद पंचायत वार प्रतिदिन दो-दो ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमो में शामिल होंगे और शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार रहे हैं ।ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के आयोजन के साथ-साथ आईईसी वैन प्रचार रथ भ्रमण करेंगे उनमें जनपद पंचायत बासौदा की ग्राम पंचायत अरनोट किरवाया पहुंचेगी सोमवार को ग्राम पंचायत मसूदपुर में पहुंची जिसमें सभी विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया एवं केंद्र वा राज्य सरकार की सभी योजनाओं को जनता के बीच में रखा एवं जिन भी ग्राम वासियों को उसका लाभ नहीं मिल रहा था। उनका पंजीयन कराया कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी उदयपुर मंडल अध्यक्ष देवराज सिंह जी राजपूत ग्राम पंचायत मसूदपुर के सरपंच महेंद्र सिंह राजपूत एवं जनपद सीओ साहब भगवान सिंह तहसील राजस्व कृषि एवं सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। यात्रा ग्राम अरनोट पहुंची जहां एसडीम विजय राय सहित तहसीलदार एवं ग्राम सरपंच और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारियां भी दी गई।

# स्कूल आफ एक्सीलेंस में हुआ वार्षिक उत्सव पर आयोजन

▶ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही एक से बढ़कर एक नाटक प्रस्तुत कर किया जागरुक




**गंज बासौदा, देशबन्धु।** बेहलोट स्थित स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला शिक्षा अधिकारी जी पी राठी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष कांति भाई शाह ने मां सरस्वती की मूर्ति का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ततपश्चात विद्यालय के संचालक रूपेश लाड़ ने पुष्पगुच्छ द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वन्दे मातरम शिक्षा समिति अध्यक्ष सुनील शर्मा एवम सचिव इंदु लाड़ ने अतिथियों को राम मंदिर की प्रतिकृति राम दरबार से सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र हिमांशु पटेल, पालक अमित शर्मा, शिक्षिका शिखा छिब्बर नेअतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। सर्वप्रथम गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत गाया। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा दिल है छोटा सा समूह नृत्य प्रस्तुत किया। मोबाइल एडिक्शन पर नाटक का शानदार मंचन हुआ। छोटे छोटे नोनिहालो द्वारा स्कूल चले हम गीत पर समूह नृत्य से शिक्षा के महत्व को बताया। जल संरक्षण पर आधारित नृत्य काले मेघा लाके मेघा को दर्शकों ने खूब सराहा। जैसी करनी वैसी भरनी बुजुर्गों के सम्मान एवं देखभाल पर आधारित मार्मिक नाटक बहुत पसन्द किया। महिषासुर मर्दनी स्त्रोतम के पाठ करने से नौ देवियों के अवतार ने सबको सम्मोहित कर दिया। अंग्रेजी भाषा में श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता को मंच पर बच्चों के अभिनय ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामो को नाटक के माध्यम से मंचित किया। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अनिल शर्मा,संतोष सिंह,एस बी सिंह,जितेंद्र पाराशर,शांतनु देव,अभिषेक मिश्रा,संदीप रावत,कंचन शर्मा,मनीषा शर्मा,स्कूल के शिक्षक शिक्षिका के साथ बड़ी संख्या में पालक ओर बच्चे उपस्थित थे।

# 2 वर्ष तक धमकी देकर करता रहा दुष्कर्म

▶ महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पर दर्ज किया मामला

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की कैलारस थाना पुलिस ने मायके में महिला के साथ गांव के युवक द्वारा 2 वर्ष तक धमकी देकर बलात्कार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

बताया जाता है कि 23 वर्षीय महिला अपने पति के साथ ग्राम खडमांस थाना पहाडगढ मैं रहती है। पति बैंगलोर में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। ससुराल में पति के अलावा कोई दूसरा मेरे साथ रहने वाला नहीं है। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरी बच्ची छोटी है, तो जब मेरे पति काम पर जाते हैं तो मुझे मेरे मायके ग्राम धुंधीपुरा थाना कैलारस में पिता के घर छोड़ जाते हैं। लगभग 2 साल पहले गर्मियों के समय जब फरियादी महिला अपने मायके में थी, तो धुंधीपुरा गांव का प्रेमा कुशवाह मेरे घर पर मेरे भाई आकाश के पास आता-जाता रहता था और मुझे गलत नीयत से देखता था। एक दिन जब मैं सुबह के समय करीब 7-8 बजे शौंच कर हार से वापस घर आ रही थी तो प्रेमसिंह कुशवाह ने रास्ते में मुझे पकड़ लिया और हार में ही मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम किया। शर्म के कारण मैंने ये सब बातें किसी को नहीं बतायी थी। इसके बाद प्रेमसिंह कुशवाह मुझे जान से मारने की धमकी देकर मेरे साथ इसी तरह लगातार कई बार गलत काम करता रहा। चार महीने पहले रक्षाबंधन पर फरियादी मायके गयी हुई थी, तभी शौच के लिए जाते सुबह के समय प्रेमसिंह ने फिर से मुझे पकड़ लिया और फिर से बलात्कार किया। गत दिवस महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर से पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के प्लाट से हटाया कब्जा, आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी




**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की जौरा तहसील के रामनगर में 11 वर्षों से कुछ दबंगों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष के प्लाट पर कब्जा कर लिया जिसका प्रकरण जौरा न्यायालय से लेकर हाईकोर्ट पहुंचा और हाईकोर्ट ने मंडल अध्यक्ष के हक में फैसला सुनाया, जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया और इसके बाद आरोपियों ने फरियादी व उसके परिवार को गोली मारने की धमकी दे डाली। इसके पश्चात पुलिस ने अपनी उपस्थिति में अतिक्रमण हटाकर आरोपियों को समझाईश दी। जानकारी के अनुसार जौरा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कैलाश सोनी ने 11 वर्ष पूर्व रामनगर इलाके में एक प्लॉट लिया था, इसके सभी कागजात उसकी पत्नी के नाम से थे। उक्त प्लाट पर दबंग आरोपी नरेंद्र सिंह चौहान, पिंटू, सौरव चौहान ने कब्जा कर लिया। इसके बाद भाजपा नेता ने जौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय की शरण ली और मामला ग्वालियर न्यायालय तक पहुंचा, जहां से उसके हक में न्यायालय ने फैसला सुनाया। स्थानीय प्रशासन द्वारा न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटा दिया गया, लेकिन आरोपी मंडल अध्यक्ष व उसके परिवार को धमकी देने लगे। इसके पश्चात पुलिस के सामने अतिक्रमण हटाया गया तथा पुलिस द्वारा आरोपियों को समझाईश देकर भगाया गया।

# गौ सेवा रथ से प्रतिदिन युवाओं की टीम कर रही गायों की सेवा




**मुरैना, देशबन्धु।** नगर में भ्रमण करने वाली निराश्रित गौ माता एवं गौवंश के लिए प्रतिदिन सुबह हरे चारे का गौ सेवा रथ के द्वारा गौ भोग लगाया जाता है। इस रथ का संचालन करने का मुख्य कारण निराश्रित,भूखे, प्यासे गौ वंश की सेवा के साथ-साथ रोड पर घायल पड़े गौ वंश की मृत्यु एंबुलेंस के ना होने के अभाव में हो जाती थी, परंतु गौ सेवा रथ से घायल गौवंश को लाकर उसका उपचार समय पर कर दिया जाता है। गौ सेवक प्रतिदिन गौमाता के लिए हरा चारा काटकर लाते है और नगर मे भ्रमण करने वाली गौ माता को चारा खिलाते है। गौसेवा रथ का संचालन प्रतिदिन गौ सेवक अंशुल सिकरवार, रूद्रप्रताप सिंह, विनय दुबे, प्रशांत शुक्ला, अभिषेक, पवन, मोहित प्रजापति, छोटू अवस्थी, सुशील तिवारी, आशीष सौरभ कुशवाह, रमेश सिकरवार, विनय सिकरवार, हिमांशु राठौर, बिट्टू छारी, जितेंद्र एवं समस्त गौसेवा रथ टीम करती है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### आवास हितग्राहियों को आज होगा अधिकार पत्रों का वितरण

**सारनी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के हितग्राहियों को मंगलवार को दोपहर 3 बजे से नगरपालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अधिकार पत्रों का वितरण जनप्रतिनिधिगणों की मौजूदगी में किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम ने बताया कि मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राही जिन्होंने संपूर्ण अंशदान की राशि जमा कर दी है। उन्हें अधिकार पत्रों का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पवार एवं समस्त वार्ड पार्षदगण तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। आवासों का आधिपत्य प्राप्त होने के बाद हितग्राही अपने आवासों में स्वयं आवश्यकता एवं सुविधा अनुसार कार्य करा सकेंगे।

### खंडोबा देव मंदिर में मराठा समाज ने पूजा कर चढ़ाया कंबल

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के समीप हीरा खापा में स्थित खंडोबा देव मंदिर में सोमवार मराठा समाज द्वारा विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मान्यता अनुसार खंडोबा देव बाबा को कंबल चढ़ाया गया। मराठा समाज के सोपेंद्र मोरे , विशाल मराठा, मदन हिंगवे में बताया कि प्रतिवर्ष हीरा खापा में स्थित खंडोबा देव बाबा जिन्हें भगवान शंकर का अवतार माना जाता है, की विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर उन्हें कंबल चढ़ाई जाती है और पूजा अर्चना की जाती है। क्षेत्र की खुशहाली सुख समृद्धि की कामना की जाती है। इस अवसर पर मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया और साफ सफाई की गई।

### वैश्य समाज के वार्षिक कैलेंडर का पूर्व गृह मंत्री ने किया विमोचन

**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी मुलताई मे वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के तहसील ईकाई मुलताई के वार्षिक कलेंडर का विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश राजीव खंडेलवाल, बैतूल सरंक्षक सुखदेव सोनी , जगमोहन अग्रवाल, रेखा शिवहरे, नितिन जैन, देवेंद्र धोपाडे, ओ पी अग्रवाल एवं अन्य सामाजिक बंधु बडी संख्या मे उपस्थित रहे। कलेंडर मे समस्त जानकारी रहती है एवं प्रत्येक सदस्य के घर निशुल्क वितरण किया जाता है। इस अवसर पर मुलताई पधारे उमाशंकर गुप्ता ने सामाजिक एकता पर जोर दिया तथा वैश्य समाज के किये कार्य की जानकारी दी तथा भोपाल में बन रहे भवन पर भी जानकारी दी गई ।

### विश्नोई समाज की न्याय समिति का शपथ ग्रहण समारोह 21 को

**हरदा, देशबन्धु।** नीमगांव स्थित श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर में 21 दिसंबर को विश्नोई समाज की न्याय समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। न्याय समिति के अध्यक्ष हीरालाल खोखर ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे मंदिर परिसर में हवन कुंड में आहूति छोड़कर सभी 25 सदस्यों को समाज की समिति के लिए शपथ दिलाई जाएगी।

# ताप्ती मेले में दुकान की जगह को लेकर विवाद, सहायक राजस्व निरीक्षक पर लगाए आरोप

▶ मुख्य नपा अधिकारी से की शिकायत



**मुलताई, देशबन्धु।** ताप्ती मेले में सोमवार को दुकान की जगह को लेकर दो पक्षों में जमकर बहस हुई। लगातार मेले में अवस्थाओं की खबर सामने आ रही है। सोमवार कुछ दुकानदारों द्वारा नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक अमरलाल कवड़े पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा उन्हें 15गुना15 की दो दुकान दी गई थी जिसके 3000 हजार रूपए भी उनसे ले लिए गए थे, जिसकी रसीद नहीं दी गई है। जबकि सोमवार मेवाड़ आइस्क्रीम वाला अपनी गाड़ी लेकर पहुंचा तब पता चला की एक दुकान उसे दे दी गई और उसे उक्त स्थान पर दुकान लगाने के लिए कहा गया है। जिसके बाद दोनों दुकानदारों के बीच जमकर बहस हुई, इस दौरान आस पास भारी भीड़ लग गई। इस दौरान राजस्व विभाग की सभापति निर्मला उबनारे मौके पर पहुंची, उन्होंने दुकानदारों से विवाद न कर व्यवस्थित दुकान लगाने के लिए कहा, लेकिन इसके बाद भी टैटू की दुकान लगाने वाले नगर पालिका कार्यालय पहुंचे जहा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार इवनाती से सहायक राजस्व निरीक्षक की शिकायत करते हुए लिखित आवेदन सौंपा। उन पर अवैध वसूली की जाने की जानकारी भी सीएमओ को दी गई। आवेदन सौंपने वालों में मुकेश, मनीष, हेमंत, चिंटू, राहुल आदि शामिल थे। हालांकि इसके पहले भी सहायक राजस्व निरीक्षक पर मूर्ति बनाने वाले प्रजापति समाज के लोगों द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए थे। इस संबध में जब सहायक राजस्व निरीक्षक अमर लाल कवड़े से बात की गई तो उन्होंने बताया की मेला स्थल पर कार्यालय के लिए आरक्षित रखी गई जगह पर टैटू वालों को 15×15 की दुकान दे दी गई थी, बाकी बची हुई 15×15 की दुकान आइसक्रीम वाले को दे दी गई। कल से ही दुकानों की राशि की वसूली शुरू की है, आज से उनकी रसीद दी जा रही है।

**पिछले वर्ष भी लाखों का हुआ था गोलमाल:** मेले में दुकान लगाने वाले कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पिछले वर्ष उनसे पैसे तो ले लिए गए लेकिन उन्हें रसीद नहीं दी गई। जानकार बताते है कि पिछले वर्ष भी ताप्ती मेले में दुकानों के आवंटन में ही लाखों रुपए का गोलमाल हुआ था। करीब 50 से अधिक दुकानदारों को रसीद ही नही दी गई थी और उनके द्वारा जमा की गई राशि नगर पालिका पहुंची ही नही। जिससे नगर पालिका को लाखो रुपए का नुकसान भी हुआ था।

### इनका कहना है

ताप्ती मेले में व्यवस्था बनाने प्रयास किए जा रहे है, बाद में पहुंचने वाले व्यापारियों को भी दुकानें दिलाई जा रही है, किसी तरह की अनियमितता होने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**राजकुमार इवनाती,**
**मुख्य नगर पालिक अधिकारी**

# संकल्प यात्रा: 2 दिनों में लाभान्वित हुए ढाई हजार से अधिक हितग्राही



**बैतूल, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ने दूसरे दिन सोमवार को बैतूल, भैंसदेही, मुलताई, आमला और घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र की कुछ ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम जीन तथा बोरगांव, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम केलबेहरा, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम बांसपुर तथा हीरापुर, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम देशावाड़ी तथा खोखररिगत, आमला जनपद पंचायत के ग्राम ससाबड़ तथा हसलपुर, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम मालेगांव तथा वलनी, प्रभातपट्टन जनपद पंचायत के ग्राम जामठीसवासन तथा वलनी, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम बोरगांव तथा मच्छी, भीमपुर जनपद पंचायत के ग्राम झापल में यात्रा भ्रमण कर शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान लगभग 9500 लोग विभिन्न पंचायतों के शामिल हुए। जिनके 5 हजार से अधिक पुरूष एवं 4 हजार 450 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों में 14 व्हीआईपी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफलता प्रदान की। इन दो दिनों में शासन की योजनाओं से कुल 2513 हितग्राही लाभान्वित हुए है। जिनमें सुरक्षा बीमा 12, जीवन ज्योति 13, स्वास्थ्य केम्प में 1559, टीबी सेंटर्स पर 742 एवं सिकलसेल के 187 हितग्राहियों ने इस यात्रा के दौरान केम्पों का लाभ उठाया। इसके अलावा 99 महिलाओं, 250 छात्रों और स्थानीय स्तर पर 34 खिलाडियों को विभिन्न उपलब्धियों के लिए अवार्ड वितरित किए गए।

# खटीक समाज ने मुख्य नपा अधिकारी और नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**सारनी, देशबन्धु।** नगर के विभिन्न स्थानों पर मांस की दुकान लगाने वाले खटीक समाज के लोगों द्वारा किसान खुदरा व्यापारी संघ के बैनर तले सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम,नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे से मुलाकात कर मांस व्यापारियों को मूलभूत सुविधा दिए जाने की मांग की। किसान खुदरा व्यापारी संघ के बैनर तले खटीक समाज के लोगों ने मुलाकात कर बताया कि साप्ताहिक बाजार में मांस की दुकान लगाए जाने के लिए अलग स्थान नगर पालिका के माध्यम से दिया जाना चाहिए। मांस व्यापारी गणेश मदन,संजय मकोड़े ने बताया की बाउंड्री वॉल के अलावा टीन शेड एवं नाली, बिजली, सड़क की पूर्ण व्यवस्था नगर पालिका के माध्यम से की जाना चाहिए। खटीक समुदाय के लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार के आदेश के बाद नगर पालिका,पुलिस विभाग, स्वास्थ्य महकमा के माध्यम से ताबड़तोड़ कार्रवाई करके मांस विक्रेताओं के बीच में भय का माहौल पैदा किया जा रहा है। ज्ञापन सौंपते समय राजेंद्र गायगोले, मोहम्मद निशाद कुरैशी,उषा बाई, राजा कुरैशी,संजय मकोड, मोहम्मद निषाद कुरैशी,अशोक मकोड़े, गुड्डू कुरैशी,विनय मदने, महेश डोईफोडे, सांसद प्रतिनिधि रवि पासे,रजीत सिंह, उपाध्यक्ष जगदीश पवार सहित अन्य पार्षद ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित थे।

# कॉलेज में आयोजित शिविर में की विद्यार्थियों के स्वास्थ की जांच



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में सोमवार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर वर्षा खुराना के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई से 8 लोगों की टीम ने ब्लड टेस्ट, थायराइड, हिमोग्लोबिन, लीवर फंक्शन टेस्ट , किडनी फंक्शन टेस्ट, कैल्शियम, आयरन टेस्ट के लिए विद्यार्थियों का ब्लड सैंपल लिया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में विधार्थियों ने अपना स्वास्थ परीक्षण करवाया। शिविर में महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति अध्यक्ष जयस संघवी ने प्राचार्य के द्वारा कराए गए शिविर का निरीक्षण किया एव प्राचार्य के निर्देशन में कराए गए।

इस शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सुविधा मिल जाती है जिससे स्वास्थ्य के प्रति वे सजग रहते है। हॉस्पिटल से पधारे सतीश रसोले , दीपक पठाडे , हेमंत पारधे, जितेंद्र फाटे, नितिन वरकड़े, आईसीटीसी सेंटर मुलताई के कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि हमारे देश के युवा ज्यादातर अपना स्वास्थ परिक्षण नहीं कराते, जिसके कारण वे जल्दी ही बीमारियों के शिकार हो जाते है। वे जान भी नहीं पाते है की उन्हे हुआ क्या है, ऐसे में महाविद्यालय द्वारा लगाया गया ये शिविर विद्यार्थियों को कई स्वास्थ समस्याओं से लाभ देगा। भविष्य में छात्र छात्राएं स्वास्थ के प्रति सजग रहेंगे जिससे एक स्वस्थ भारत का निर्माण हो सकेगा ।महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी शिविर में अपना स्वास्थ परीक्षण करवाया । स्वास्थ केंद्र की टीम ने बताया की 1 हफ्ते में इसकी रिपोर्ट आएगी जिससे सभी विद्यार्थी एवं महविद्यालय स्टाफ यह जान पाएगा की उन्हे अपने स्वास्थ के लिए क्या सावधानियां रखने की आवश्यकताएं है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर एल एल राउत, डॉक्टर सविता बघेल के मार्गदर्शन में शिविर को सफल बनाने में व्यवस्थापक समिति में संयोजक डॉ नरेंद्र हेनोते , प्रोफेसर बी आर बारस्कर, प्रोफेसर डॉ का, डॉ अभिनीत सरसोंदे, प्रोफेसर सिद्धार्थ पंडोले, प्रो प्रकाश गीते, डॉक्टर पंकज झाडे, रजिस्ट्रेशन समिति में डॉक्टर ममता राजपूत, डॉ दीपिका डॉ वर्षा डॉक्टर कल्पना प्रोफेसर प्रियंका महाविद्यालय टीम एवं सामुदायिक स्वास्थ केंद्र की टीम उपस्थित रही।

# स्व. गोयल की पुण्यतिथि पर लगा नि:शुल्क स्वास्थ शिविर



**हरदा, देशबन्धु।** जिले के रहटगांव के वनांचल क्षेत्र के आमसागर ग्राम में स्व. कमलकांत गोयल की 6वीं पुण्यतिथि पर उनकी पत्नी उषा गोयल एवं उनके परिवार द्वारा नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रारंभ होने से पहले स्व. कमलकांत गोयल के परिजनों द्वारा उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। तदउपरान्त शिविर में आए डॉक्टरों का सम्मान किया गया। स्व.कमलकांत गोयल की पत्नी उषा गोयल समाजसेवी है। यह मजबूर एवं जरूरतमंदो की मदद के लिये हमेशा तत्पर रहती है। शिविर के दौरान उन्होंने कहा कि शहरों में तो नि:शुल्क शिविर आसानी से लग जाते हैं किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर वनांचल क्षेत्रों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर नहीं लग पाते। इन सबका ध्यान रखते हुये हमारे परिवार ने इस क्षेत्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगवाया। जिसमें डॉक्टरों द्वारा बच्चों, महिलाओं, पुरुषो व बुजुर्गों की जांच कर दवाईयां भी नि:शुल्क दी। वहीं उषा गोयल के परिजनों ने क्षेत्र के लोगों को गर्म कपड़े, कंबल एवं कपड़े देने के साथ स्वल्पाहार भी कराया। शिविर में सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सबसे ज्यादा आंखों के मरीज मिले। शिविर में सीएमएचओ डॉ. एच.पी.सिंह , सिविल सर्जन डॉ.मनीष शर्मा , डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर , डॉ. भरत यादव, डॉ.श्रीनारायण विश्नोई , डॉ.हर्ष पटेल, डॉ.पीयूष अग्रवाल सहित टिमरनी के डॉक्टर एवं स्टाफ उपस्थित रहे। वहीं यातायात विभाग से रूपसिंह उइके एवं महेश शर्मा उपस्थित रहे। शिविर में संचालन शांति कुमार जैसानी ने किया। शिविर के दौरान आदिवासी कलाकारों ने लोकनृत्य किया। शिविर में संजय गोयल, राजेन्द्र गोयल, नटवर पटेल, नवनीत पटेल, हरिशंकर मंगल, पियुष पंडित, गोपाल जगनवार, घनश्याम दास सोमानी , सुनील भायरे, विवेक अग्रवाल, हरिओम गुर्जर, मालती खंडेलवाल, आभा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भारत विकास परिषद ने वन ग्रामों में जरूरतमंदों को कंबल और गर्म वस्त्रों का किया वितरण



**हरदा, देशबन्धु।** भारत विकास परिषद द्वारा रविवार को रहटगांव से 35 किलोमीटर दूर ग्राम बोरपानी, कायदा एवं अन्य वन ग्रामों में जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल एवं गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। शाखा के सदस्यों द्वारा हर वर्ष ग्रामीण अंचलों में ठंड के समय कंबलों का वितरण किया जाता रहा है। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र अग्रवाल द्वारा ग्रामीणों का चेकअप किया गया एवं तत्काल दवाइयों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के संरक्षक डॉ. वीरेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. गिरीश सिंहल, कोषाध्यक्ष अंशुल अग्रवाल, सचिव राजनारायण मौर्य एवं सदस्यगण प्रवीण अग्रवाल, डॉ. राधा मोहन अग्रवाल, महेश सादानी एवं शिव विलास सराफ मौजूद रहे। इस दौरान वनकर्मियों का भी सहयोग रहा।

# नल-जल योजना के लिए मनमर्जी से खोद दी सड़क, ग्रामीणों में आक्रोश



**सारनी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत मेहकार में हर घर नल हर घर जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसमें सरपंच सचिव पर लापरवाही के आरोप लगाए है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा अपने मनमर्जी से गांव में पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। यहां तक की सरपंच सचिव से कर्मचारी ने पूछने तक की जहमत नहीं उठाई। अब स्थिति यह है कि गांव में बनी सीसी रोड को बीचो-बीच में से खोदकर रख दिया है। ग्राम के पूर्व सरपंच कैलाश मरकाम सावन ने बताया की मोहल्ले में बनी सीसी रोड को अभी एक साल ही बीते है और ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा अपने मनमर्जी वह सरपंच सचिव के लापरवाही के चलते सड़क को बीचों-बीच से खोदते हुए पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया है। इतना ही नहीं पूर्व सरपंच के मोहल्ले में भी ऐसा ही हुआ है। पूर्व सरपंच को खबर लगते ही उन्होंने मामले में हस्तक्षेप करते हुए क्षेत्र के सरपंच सचिव व जनपद पंचायत सदस्य मोनिका सिनोटिया एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुल्लाजी नरे व ठेकेदार के कर्मचारी द्वारा मौके पर बुलाकर पंचनामा बनाया गया। ठेकेदार से लिखित में लिया गया है कि जितनी भी जगह सड़क को नुकसान हुआ है उतनी जगह सड़क का निर्माण करके वह देंगे तभी आगे का कार्य हो पाएगा।

*किसानों को खेती में ड्रोन के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें अधिकारी*

# अत्याधुनिक खेती में नैनो यूरिया की उपयोगिता पर करें फोकस: कलेक्टर



**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमनबीर सिंह बैंस ने कहा कि किसानों को आधुनिक विकसित खेती से जोडने के लिए अधिकारी उन्हें नैनो यूरिया की उपयोगिता पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से नैनो फर्टिलाईजेशन के उपयोग के लिए किसानों से सीधे संवाद कर उसकी उपयोगिता के बारे में बताएं। ड्रोन का उपयोग फसलों पर नैनो यूरिया के छिंडकाव के लिए किया जा सकता है। बैंस सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टीएल बैठक में अधिकारियों से बिन्दूवार लंबित एवं प्रस्तावित प्रकरणों पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने शासन की योजनाओं से वंचित हितग्राही किसानों को खेती में ड्रोन के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ड्रोन के लिए पहले से ही किसानों और स्थान को चिन्हिंत करें, जिससे उन्हें शासकीय अनुदान पर ड्रोन उपलब्ध कराया जा सकें। ड्रोन पायलेटिंग सर्टिफिकेशन कोर्स के लिए एवियेशन से संपर्क भी करें। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमनबीर सिंह बैंस ने कहा कि संकल्प यात्रा के माध्यम से किसानों को नैनो लिक्विड यूरिया जो पौधों को नाईट्रोजन प्रदान करने वाला एक वरक पोषक तत्व है के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। यूरिया सफेद रंग का एक रासायनिक नाईट्रोजन उर्वरक है जो कृत्रिम रूप से नाईट्रोजन प्रदान करता है, जो यूरिया के लिए परंपरागत विकल्प के रूप में काम करता है। यह नैनो कण के रूप में यूरिया का एक प्रकार है। यह किसानों को पर्यावरणीय रूप से विश्वसनीय एवं उच्च गुणवत्ता वाले कृषि आदानों और सेवाओं से समय पर आपूर्ति में सक्षम है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर अक्षत जैन ने अधिकारियों से संकल्प यात्रा के दौरान आयुष्मान योजना का लाभ शत-प्रतिशत हितग्राहियों को देने के लिए चिन्हित करने के निर्देश दिए। आयुष्मान योजना में हितग्राहियों को क्यूआर युक्त कार्ड वितरित किए जायेंगे। ऐसे हितग्राहियों को आयुष्मान योजना से वंचित रह गए थे वे कॉमन सर्विस सेंटर पर भी संपर्क कर सकते है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत बैतूल जिले में 12 लाख 02 हजार 969 हितग्राही है। इस योजना में 71.80 प्रतिशत हितग्राहियों को योजना से जोड़ा जा चुका है।

## सार समाचार

### पंचायत उप निर्वाचन के तहत मतदान 5 जनवरी को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। मतदान 5 जनवरी, 2024 को होगा। पंचायतों उप निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर, 2023 से शुरू हो गया है। नाम निर्देशन-पत्र 22 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जाँच 23 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। पंचायतों में मतदान 5 जनवरी, 2024 को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक और नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। पंचायत उप निर्वाचन में पंचायत पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र में ही होगी। सरपंच की ईव्हीएम में की जाने वाली मतगणना 9 जनवरी को संबंधित विकासखण्ड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से की जायेगी। जिले में 01 सरपंच, और 138 पंच पद के लिये उप निर्वाचन होगा।

### आज झूलेलाल मंदिर से होगा पूजित अक्षत कलश का वितरण

**इटारसी, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नगर में पूजित अक्षत कलश वितरण को लेकर बैठक हुई जिसमें नगर की 13 बस्तियों के संयोजक एवं सह संयोजक उपस्थित हुए। कार्यक्रम के जिला सह संयोजक मनोज राय ने कार्यक्रम की कार्ययोजना को विस्तार से समझाया। उक्त बैठक में निर्णय लिया कि मंगलवार 19 दिसंबर 23 को अक्षत वितरण कार्यक्रम इटारसी नगर की सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर से प्रात: 10:30 बजे से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री रामलला की भव्य दिव्य स्थापना श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर में होने जा रही है जिसके पुजित अक्षत कलश वितरण किया जा रहा है।

### गार्ड काउंसिल ने किया रेल संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय रेल के सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने एवं संरक्षा के मानकों को दृढ़ करने के उद्देश्य से ट्रेन मैनेजर्स ने पूरे जबलपुर जोन में एआई जीसी डब्ल्यूसीआर जोनल सचिव मनोज कुमार के आह्वान पर रेलवे संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया। इटारसी डिपो ने भी 12 बंगला इंस्टीट्यूट में भारतीय रेल के ट्रेन मैनेजर्स के ज्ञानवर्धन, सर्कुलर का पुनरावलोकन आदि किया। मुख्य रूप से कोहरे के सीजन में सुरक्षित गाड़ी परिचालन, हॉट एक्सेल, फीबा एवं ब्रेक बाइंडिग एवं निदान पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धरमवीर सिंह, अजय पटेल, गार्ड काउंसल शरद कुमार, देवेंद्र सिंह, जेपी रॉय, सुनील चौहान सहित 50 से अधिक इटारसी ट्रेन मैनेजर्स उपस्थित हुए।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया : कलेक्टर






**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सभी विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन किया जाएं। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में आधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागों के लक्ष्य तय कर उन्हें समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर नल जल योजनाओं को तेजी से पूर्ण कराएं। फरवरी माह के अंत तक 60 प्रतिशत से अधिक हर घर जल घोषित करने की कार्यवाही की जाएं। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी विभागवार सीएम समीक्षा कर शिकायतों संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से बात कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को जिले में समस्त उप स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब हैल्थ सेंटर्स की कड़ी मॉनिटरिंग का सिस्टम स्थापित करें। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अपने निर्धारित मुख्यालय पर रहें यह सुनिश्चित कराएं। सभी नगर पालिकाओं को कर वसूली की नियमित समीक्षा कर वसूली में गति लाने के निर्देश दिए। उहोंने स्वास्थ्य और नगरीय निकायों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड का शत प्रतिशत वितरण किया जाएं। खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि दुकान विहिन पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकानें स्थापित किए जाएं। हितग्रहियों की शत प्रतिशत आधार सीडिंग कराएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बैंक लोन संबंधी समस्त योजनाओं में बैंक सभी प्रकरणों का निराकरण कराएं। राजस्व विभाग द्वारा बी वन का वाचन करा फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज करें और उनका निराकरण कराएं। सीमांकन, नामांतरण और बटवारा के कोई भी प्रकरण लंबित न रहें। स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राउंड ट्रूथिग शत प्रतिशत पूर्ण की जाएं। ताकि फरवरी माह के अंत तक अंतिम प्रकाशन किया जा सके। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ कराएं। जनजातीय कार्य विभाग और अल्प संख्यक एवं ओबीसी विभाग द्वारा अपने छात्राबेस में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर कराएं। सभी निर्माण विभाग द्वारा जिन निर्माण कार्यों में टेंडर हो गए हैं, उन कार्यों को 15 दिवस के अंदर प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास द्वारा कुपोषित और गंभीर कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन के लिए पुन: सघन अभियान चलाया जाएं। बच्चों का आइडेंटिफिकेशन सही ढंग से किया जाए। जिला शिक्षा समन्वयक को जिले में पहली कक्षा में दर्ज बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नर्मदा लोक, नर्मदापुरम नगर में सिवरेज लाइन, फोरलेन निर्माण, दूधी परियोजना ,नादिया पुल निर्माण, सब हेल्थ सैंटर्स निर्माण, एमपीईबी द्वारा नवीन सब स्टेशन निर्माण, पचमढ़ी एयरस्ट्रिप इत्यादि प्रमुख प्रोजेक्ट्स की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने उक्त सभी निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने नर्मदा लोक और सिवरेज लाइन कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश सीएमओ नर्मदापुरम और एमपीयूडीसी के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और उपार्जन संबंधी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में धान उपार्जन सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। खरीदी की गंभीरतापूर्वक मॉनिटरिंग करें। बैठक मेंबताया गया कि जिले में 2750 किसानों से 29315 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन संबंधी अधिकारियों को सुचारु रूप से खरीदी गई धान का परिवहन कराने के निर्देश दिए। बनखेड़ी मंडी से भी शेष धान का शीघ्र परिवहन कराने के निर्देश एसडीएम को पिपरिया को दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम धान खरीदी केंद्रों का सतत निरीक्षण करें। खरीदी में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएं। कलेक्टर ने जिले में खाद वितरण और नहरों से सिंचाई की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में सभी एसडीएम से ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन कराएं। उन्होंने मीट की दुकानों के संबंध में की कार्यवाही की भी सभी सीएमओ से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग से समन्वय कर सभी निकायों में कैंप आयोजित किए जाएं और फूड लाइसेंस बनाएं जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा कर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों का बेहतर आयोजन किया जाएं। सभी अधिकारी कर्मचारी आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित रहें। सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति आदि केंद्र सरकार की बीमा योजनाओं में पात्र हितग्राहियों का नामांकन कर उन्हें लाभान्वित किया जाएं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से वंचित हितग्राहियों का नामांकन कराएं। आयुष्मान कार्ड, केसीसी का भी शत प्रतिशत वितरण किया जाएं। उन्होंने लाभांवित हितग्राहियों की सफलता की कहानी निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों से राशन का सुचारू वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूलों का कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से कराने के निर्देश ई पीआईयू को दिए। उन्होंने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को भी पूर्ण करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि नगरों में अलाव की व्यवस्था रहें। घाटों पर साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं को सुधारे। उन्होंने मीनाक्षी चौक के चौड़ीकरण किए जाने के संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि आवंटन के प्रकरणों की भी जानकारी ली। संबल योजना और अनुग्रह सहायता की समीक्षा कर कलेक्टर ने सभी सीएमओ और सीईओ को लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार संचालित योजनाओं में बजट की स्थिति की जानकारी ली। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

# आयुध निर्माणी इटारसी में आज वार्षिक फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ



**इटारसी, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी इटारसी में आज वार्षिक फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव जैन डिप्टी डायरेक्टर जनरल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एचके पैकरा डिप्टी डायरेक्टर जनरल डिफेंस फील्ड यूनिट, जबलपुर थे।

आयुध निर्माणी स्पोर्ट्स कमेटी के उपाध्यक्ष वीके सिंह संयुक्त महाप्रबंधक ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। प्रारंभ में आयुध निर्माणी के महाप्रबंधक एवं खेल समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में खेल का महत्व बताते हुए विभिन्न 11 निर्माणियों से आई हुई टीमों का स्वागत एवं पधारे अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। विभिन्न निर्माणी से आई हुई टीमों ने मंच के सामने से मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि और ध्वज को सलामी दी। इसके पश्चात हवा में गुब्बारे छोड़कर खेल भावनाओं को ऊंचाई पर ले जाने हेतु संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अगले चरण में सभी कर्मचारी सभी खिलाड़ियों और रेफ्रियों को खेल भावना को बनाए रखते हुए उच्च स्तर का प्रदर्शन करने की शपथ दिलवाई। इटारसी की जीवोदय वेलफेयर सोसाइटी के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक डांस प्रस्तुत किया जिसमें विभिन्न खेलों की थीम को प्रदर्शित करते हुए जोश और उत्साह को बनाए रखने का संदेश दिया।

टूर्नामेंट का प्रथम मैच आयुध निर्माणी इटारसी और आयुध निर्माणी वरणगांव के मध्य खेला जिसमें आयुध निर्माणी इटारसी ने यह मैच 6-0 के स्कोर के साथ जीता। आयुध निर्माणी स्पोर्ट्स कमेटी के संयुक्त सचिव राजेश रघुवंशी ने बताया कि यह फुटबॉल टूर्नामेंट 18 दिसंबर से 23 दिसंबर तक चलेगा फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच दिनांक 23 दिसंबर को खेला जाएगा।

# प्राचीन रामलला हमें सौंप दें : वकील बाबा

हरीश पाण्डे



- नूतन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर षड्दर्शन विश्व अखाड़ा परिषद् ने मांगे प्राचीन रामलला
- प्रधानमंत्री और न्यास अध्यक्ष को भेजे पत्र

**पिपरिया, देशबन्धु।** श्रीराम जन्मभूमि गर्भग्रह में रामलला के नूतन श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, तो प्राचीन रामलला को हमें सौंप दिए जाएं। यह बात मप्र षड्दर्शन विश्व अखाड़ा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष महंत पवनसुतदास महाराज (वकील बाबा) ने कही है। उन्होंने पत्र के माध्यम से अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास रामजन्म भूमि न्यास अयोध्या और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्राचीन रामलला को मांगा है।

पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री रामलला के नूतन श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। जिसमें देश के विभिन्न शहरों से आने वाले हजारों संत-मंहत एवं भक्त इस महोत्सव के साक्षी होंगे। मप्र षड्दर्शन विश्व अखाड़ा परिषद् प्रदेश अध्यक्ष महंत पवनसुत दास ने कहा कि इस महोत्सव में उपस्थिति के लिए उनके पास भी बुलावा आया है। जिसमें स्पष्ट लिखा है कि गर्भग्रह में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। महंत ने कहा कि फिर प्राचीन रामलला का क्या होगा? ऐसे में वो रामलला मैं अपने संगठन षड्दर्शन विश्व अखाड़ा परिषद् के लिए मांगता हूं।

### प्राचीन रामलला को भूलना क्या सही है ?

पत्र में लिखा है कि जो श्री रामलला विग्रह सैंकड़ों वर्षों से अपनी जन्मभूमि को मुक्त कराने के लिए संघर्षरत रहे। जिनके स्वाभिमान की रक्षा के लिए लाखों साधु संत बलिदान हो गए। लाखों रामभक्तों ने अपने लहू से जिनके धाम का अभिसिंचन किया। जो श्री रामलला खुले आकाश में तम्बू में रहकर समूचे भारत वर्ष के वैदिक सनातनियों को एक सूत्र में बांधने में सफल रहे। जिनके नाम पर ही विभिन्न अदालतों में वैधानिक उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र सहित कई हजार पेजों के फैसले सुना दिए। जो वास्तविक ऊर्जावान श्रीविग्रह श्री रामलला हैं, उनके मूलगर्भ स्थान पर नवीन रामलला स्थापन किया जाना क्या व्यवहारिक, वैधानिक या न्यायोचित है?

### क्या कहा इन्होंने

नूतन श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्राचीन रामलला की सेवा-पूजा के लिए हमने संगठन के लिए प्राचीन रामलला को मांगा है। जिसके लिए प्रधानमंत्री और अध्यक्ष, रामजन्म भूमि न्यास अयोध्या को पत्र भेजे गए हैं।

**महंत पवनसुतदास** (वकील बाबा)
प्रदेश अध्यक्ष, षड्दर्शन विश्व अखाड़ा परिषद्, मप्र।

### संभ्रांत माने जाने वाले लोग जंगल में खेल रहे थे जुआ

# पथरोटा पुलिस ने पकड़े इटारसी के आधा दर्जन से अधिक जुआरी

**इटारसी, देशबन्धु।।** पथरोटा पुलिस ने इटारसी के आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को सतपुड़ा के जंगल में जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। इनमें से अधिकांश संभ्रांत माने जाते हैं। पुलिस के अनुसार सतपुड़ा के बाघदेव एरिया में शरददेव बाबा मंदिर रोड के किनारे खुले टप्पर में कुंडी के पास इटारसी के आठ जुआरियों को जुआ खेलते रविवार की रात पौने 11 बजे गिरफ्तार किया है। इनके पास से ताश गड्डी के अलवा 35 हजार रुपए भी जब्त किये हैं। पुलिस ने सोनू पिता ज्ञानचंद जैन 49 वर्ष, विकास पिता श्याम सुंदर अग्रवाल 48 वर्ष, अप्पू उर्फ सौरभ पिता जुगल किशोर अग्रवाल, दुर्गेश पिता सुंदरलाल प्रजापति 38 वर्ष, पंकज पिता रामगोपाल माहेश्वरी 45 वर्ष, रंजीत पिता घनश्याम चौरे 38 वर्ष, आशीष पिता गोविन्द प्रसाद अग्रवाल 50 वर्ष और अजय जैन 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है। ये सभी इटारसी के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### चाणक्य सद्भावना समिति का टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट जारी

# शिवाजी, रॉयल राजपूत, संत शिरोमणि, बी बॉयज, केसीसी और हैदरी क्लब ने जीते मैच



**इटारसी, देशबन्धु।** चाणक्य सद्भावना समिति के तत्वावधान में यहां गांधी स्टेडियम में खेली जा रही चाणक्य कप टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा में आज छह मैच खेले गये।

प्रतियोगिता के संयोजक जितेन्द्र ओझा ने बताया कि पहला मैच संत रविदास क्लब और वीर शिवाजी क्लब के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर वीर शिवाजी क्लब ने संत रविदास क्लब को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। क्लब ने पहले खेलते हुए 87 रन बनाये। जवाबी पारी खेलते हुए वीर शिवाजी क्लब ने 89 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मोनू रहे जिन्होंने 19 गेंदों में 49 रन बनाये। मैच के स्कोरर मोहित वलेचानी, दीपांशु मालवीय, कमेंट्रेटर राकेश दुबे, अम्पायर अचला दुबे और हरीश थे।

दूसरा मैच रॉयल राजपूत और ग्लोरी टू गॉड क्लब के मध्य खेला गया। टॉच जीतकर ग्लोरी टू गॉड ने गेंदबाजी चुनी। रॉयल राजपूत ने 9 विकेट खोकर 72 रन बनाए जबकि जवाब में ग्लोरी टू गॉड 8 विकेट पर केवल 52 रन ही बना सकी। रॉयल्स राजपूत ने 20 रनों से यह मैच जीत लिया। मैच के अम्पायर मोहसिन खान और हरीश तथा कमेंट्रेटर आलोक गिरोटिया थे। तीसरा मैच बीसीसी क्लब और संत शिरोमणि क्लब के मध्य हुआ। टॉस बीसीसी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाये। जबावी पारी में संत शिरोमणि क्लब ने लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से मैच जीत लिया। अम्पायर उत्तम खाड़े, हरीश थे। मैच में अतिथि सभापति राकेश जाधव और अभिषेक तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

चौथा मैच बंसकार बंधु क्लब और बी बॉयज क्लब के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बंसकार क्लब ने 9 विकेट पर कुल 57 रन बनाये। जवाब में बी बॉयज ने 61 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच संजय रहे जिन्होंने दो ओवर में 13 रन देकर 4 विकेट लिए। मैच में राकेश जाधव, हरप्रीत सिंघ छाबड़ा, अनिल मिहानी, शिव भारद्वाज, राजकुमार उपाध्याय केलू, अतुल तिवारी, गिरीश पटेल और रोहित नागे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पांचवा मैच केसीसी क्लब ने लक्ष्य क्लब को 12 रन से हराकर जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए केसीसी ने 6 विकेट पर 74 रन बनाये। लक्ष्य क्लब केवल 62 रन ही बना सका। मैच में कुलदीप रघुवंशी और उत्तम खाड़े अम्पायर रहे तथा अतिथि अनिल राठी और हैप्पी भाटिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दीं। छटवा और आज का अंतिम मैच चाणक्य इलेवन और इंडियन हैदरी क्लब के मध्य खेला गया। इंडियन क्लब ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाये। जवाब में चाणक्य इलेवन केवल 82 रन ही बना सकी और इंडियन हैदरी क्लब ने एक मात्र रन से मैच जीत लिया। अतिथि जयराज सिंह भानू, हैप्पी भाटिया, जगवीर सिंह राजवंशी, बबलू राजवंशी, मो.जाफर सिद्दीकी, जित्तू राजपूत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनको शुभकामनाएं दीं।

# नर्मदा अकादमी अंडर-16 और पैरामाउंट ने जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता जीती



**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे बॉयज फुटबाल क्लब के तत्वावधान में रेलवे मैदान नयायार्ड में खेली गयी फुटबाल प्रतियोगिता में अंडर-16 प्रतियोगिता नर्मदा अकादमी और जिला स्तरीय प्रतियोगिता पैरामाउंड क्लब नर्मदापुरम ने जीती।

पहला फाइनल मुकाबला अंडर-16 फुटबॉल प्रतियोगिता नर्मदापुरम अकादमी ने गुरुकुल नर्मदा पुरम को पेनल्टी में 5-4 गोल दाग कर विजेता ट्रॉफी प्रदान की। बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट शंकर को दिया एवं उभरता हुआ खिलाड़ी जुड्डा को प्रदान किया। जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल सोहागपुर एवं पैरामाउंट क्लब नर्मदा पुरम के मध्य मैच खेला। मुख्य अतिथि सीनियर डीएमई जितेंद्र श्रीवास्तव, मनोज रैकवार, विनय मालवीय, प्रदीप मालवीय, गुरमुख सैनी, रामबाबू, जिला फुटबाल संघ के सचिव दीपक परदेसी, नितेश देवड़ा की उपस्थिति में हुआ। अतिथि दिलीप मैना ने नगद पुरस्कार चारों टीम को दिया। दूसरे फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जितेन्द्र ओझा, पंकज राठौर, मनोज मिश्रा, मनोज रैकवार, नितेश देवड़ा, प्रदीप मालवीय थे। मैच के पहले हाफ में पैरामाउंट के मोनू ने 1 गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। जवाब में सोहागपुर टीम के सोनू ने एक गोल कर टीम को एक-एक की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। बराबरी पर समाप्त होने के पश्चात पेनल्टी से इसका निर्णय लिया। मैच के रेफरी आशीष डेविड, लाइनमैन अक्षत तिवारी, अंकुश मसीह, रेफरी राकेश मसीह एवं डालचंद राज रहे। पेनल्टी में पैरामाउंट क्लब ने 5- 4 से मैच जीतकर नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्राप्त किया। जीनियस प्लेनेट स्कूल की ओर से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार, डीपी दुबे मेमोरियल स्कूल एवं संतोष शुक्ला की स्मृति में ट्रॉफी प्रदान की गई। फाइनल मैच में राशि खाड़े एवं भारत गायकवाड़ ने अपने गीतों से खिलाड़ियों का दिल जीत लिया। राजेश यादव ने प्रतियोगिता का मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री ने 7 दिन में कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश, कहा-

# हर नागरिक को मिलेगी स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश का उपयोग कर मध्यप्रदेश निरामय इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में अटल मेडिसिटी स्थापित की जाएगी। प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस स्थापित किया जाएगा। मध्यप्रदेश संकल्प पत्र में हर नागरिक को स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है। डॉ. यादव ने संकल्प पत्र में दी गारंटी को पूरा करने के लिए 7 दिन में कार्ययोजना बनाने की लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

संकल्प पत्र के मुताबिक प्रदेश के प्रमुख शहरों में कैंसर रोगियों के लिए पैलिएटिव केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। वन लोकसभा-वन मेडिकल कॉलेज योजना के अंतर्गत हर लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। वन डिस्ट्रिक्ट-वन नर्सिंग कॉलेज योजना में हर जिले में नर्सिंग कॉलेज होगा। वन ब्लॉक-वन ब्लड बैंक योजना में हर ब्लॉक में ब्लड बैंक बनाए जाएंगे। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या को दोगुना करेंगे। अस्पताल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या को दोगुना किया जाएगा। वर्तमान में 132 प्रकार की जांच निशुल्क उपलब्ध हैं। हर दिन लगभग 10 हजार मरीज लाभ उठा रहे हैं। मेडिकल कॉलेजों कि संख्या आज बढ़कर 24 हैं। एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 4 हजार से अधिक हो गई हैं। साढ़े 3 वर्षों में 8 सौ से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण और विकास किया गया है। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 2 हजार से 42 हजार हो गई है और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या 10 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 2,085 की गई है। स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 11 हजार से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू किए हैं। प्रदेश में 2 हजार से अधिक एंबुलेंस उपलब्ध हैं। डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या 7 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 51 हजार से अधिक की गई है। आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के लिए 5 लाख से ज्यादा खर्च होने पर अलावा खर्च सीएम रिलीफ फंड से किया जाएगा। निजि अस्पतालों में अत्यधिक चिकित्सा शुल्क को नियंत्रित करने के लिए एक रेगुलेटरी अथॉरिटी की स्थापना की जाएगी।

पूरे प्रदेश में 5 सौ नए जन औषधि केंद्र शुरू किए जाएंगे। इनमें कम कीमत पर दवाइयां मिलेंगी। मेडिकल सीटों में 4 हजार तक की बढ़ोतरी की गई है। अगले 5 सालों में 2 हजार मेडिकल सीटें बढ़ाई जाएगी। मिशन मोड पर डॉक्टर, नर्स और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ के खाली पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों को केन्द्र सरकार द्वारा दी गई 20 लाख रुपए की वित्तीय सहायता के अलावा भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। जबकि वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त प्रदेश बनाया जाएगा, इसके लिए टीबी के मरीजों को 1 हजार रुपए की मासिक वित्तीय सहायता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अचानक हमीदिया चिकित्सालय पहुंचे, मरीजों का जाना हाल

# डॉक्टरों को दिए बेहतर सुविधाएं और दवाईयां मुहैया कराने के निर्देश





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार रात हमीदिया अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने यहां भर्ती मरीजों का हाल-चाल पूछा। मरीजों के परिजनों से भी अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं और दवाईयों के संबंध में जानकारी ली। वहीं आयुष्मान कार्ड पर दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी उन्होंने जानकारी हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और समय पर दवाईयां मुहैया कराने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री ने तीसरी मंजिल पर स्थित स्थित एसएनसीयू और एमएनयू वार्ड के निरीक्षण के दौरान महिला पुरुष और बाह्य रोगी कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें, मरीजों को इलाज के लिए कोई परेशानी नहीं हो। सभी को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। डॉ. यादव ने अस्पताल परिसर में भी मरीजों के परिजनों से विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। डॉ. यादव ने अस्पताल में उपलब्ध मशीनों और आधुनिक उपकरणों का निरीक्षण किया और डॉक्टरों से जानकारी प्राप्त की। हमीदिया अस्पताल से निकलते समय मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती ज्योति कुशवाह ने बैंक ऋण वसूली संबंधी समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर भोपाल को श्रीमती कुशवाह की समस्या के उचित निराकरण के संबंध में निर्देश दिए।

डॉ. यादव के साथ अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक तथा नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से मिल रो पड़ी महिला, बोली- बच्चे का हो बेहतर इलाज

मुख्यमंत्री ने नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां भर्ती महिला मरीजों से चर्चा भी की, नवजात शिशुओं को देखा। इसी दौरान अपने बच्चे के इलाज के लिए आई एक महिला रो पड़ी और मुख्यमंत्री से बच्चे के बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री से मदद मांगी। जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मरीजों के परिजनों से चर्चा कर बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए ढांढस बंधाया और डॉक्टरों को बच्चे के बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया।



*16वी विधानसभा के सत्र के पहले दिन सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मुलाकात की। अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।*

ग्वालियर में जज की कार छीनने का मामला

# विद्यार्थी परिषद के दोनों कार्यकर्ताओं को मिली जमानत

## मुख्यमंत्री ने भी लिया था मामले का संज्ञान, मामले की जांच करेगी सीआईडी

**भोपाल, देशबन्धु।** ट्रेन में अचानक बीमार हुए एक व्यक्ति को ग्वालियर में अस्पताल पहुंचाने के दौरान एक जज की कार छीनने के मामले में आज उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ ने विद्यार्थी परिषद के दोनों कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी है।

न्यायाधीश सुनीता यादव ने दोनों आरोपियों हिमांशु और सुकृत को जमानत प्रदान कर दी। इन दोनों युवाओं की जमानत याचिका निचली अदालत ने खारिज कर दी थी। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुलिस प्रशासन को सीआईडी जांच के आदेश दिए हैं। इसकी प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गयी है।

दरअसल ट्रेन में यात्रा के दौरान एक कुलपति को हृदयाघात हो गया था। उनके साथ यात्रा कर रहे लोगों ने ग्वालियर स्टेशन पर आने के पहले ही उन्हें ग्वालियर में अस्पताल ले जाने के प्रयास कर दिए थे। ट्रेन के ग्वालियर पहुंचने पर बीमार व्यक्ति को स्टेशन के बाहर लाया गया, लेकिन उस समय कोई वाहन नहीं मिला। इसी बीच एक जज को रेलवे स्टेशन लेने आयी कार और उसके चालक के माध्यम से बीमार व्यक्ति को ले जाने की पहल की गयी, लेकिन चालक ने अपनी ड्यूटी का हवाला देते हुए ऐसा करने से इंकार कर दिया। इसके बाद कुछ लोग इस कार से जबर्दस्ती बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले गए। जज की कार इस तरह ले जाने पर पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ डकैती और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को पत्र लिखकर इन छात्रों को माफी देने का अनुरोध किया था। पत्र में उन्होंने लिखा था कि यह अपरोध मानवीय आधार पर किसी की जान बचाने के अभिप्राय से किया गया है। इसलिए यह कृत्य क्षमा योग्य है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी इस मामले में छात्रों के परिजनों को मदद का भरोसा दिलाया था। दोनों की ओर से यहां निचली अदालत में जमानत आवेदन पेश किया गया, लेकिन वह 13 दिसंबर को खारिज कर दिया गया। छात्रों की ओर से उच्च न्यायालय में जमानत आवेदन पेश किया गया, जिस पर उन्हें आज जमानत प्रदान कर दी गयी।

भाजपा ने किया स्वागत

## मानवीय संवेदना के आधार पर जमानत देना अभिनंदीय

प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है, ग्वालियर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दोनों कार्यकर्ताओं को कोर्ट द्वारा मानवीय संवेदना के आधार पर जमानत देना अभिनंदनीय है। कोर्ट के इस फैसले का हम स्वागत करते हैं। प्रकरण में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर सीआईडी जांच होगी।

## सर्द हवाओं से मध्यप्रदेश में बढ़ी ठंड, रीवा उमरिया और पचमढ़ी में पारा छह डिग्री पर पहुंचा

**भोपाल, देशबन्धु।** सर्द हवाओं से मध्यप्रदेश में ठंड ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अनेक स्थानों पर रात्रि का पारा दस डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। वहीं रीवा, उमरिया और पचमढ़ी में रात्रि का पारा छह डिग्री के करीब पहुंच गया, जिसके चलते इन क्षेत्रों में ठंड के तेवर सख्त दिखे।

मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के वैज्ञानिकों के अनुसार सर्द हवाओं का प्रभाव पूरे प्रदेश में देखा जा रहा है, जिससे ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले चौबीस घटों के दौरान प्रदेश के डेढ़ दर्जन से अधिक शहरों में रात्रि का पारा दस डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया, जिससे वहां ठंड का प्रभाव देखा गया। वहीं, रीवा, उमरिया और पर्यटन स्थल पचमढ़ी में ठंड के तेवर और भी सख्त रहे। वहां रात्रि का पारा गिरकर छह डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि सर्द हवाओं का प्रभाव बढ़ने से अगले चौबीस घंटों के दौरान भी प्रदेश में ठंड़ के तेवर सख्त बने रहने का अनुमान है। वहीं कुछ स्थानों पर हल्का कोहरा भी देखने का मिल सकता है। राजधानी भोपाल तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में सर्द हवाओं से ठंड बढ़ गयी है। हालांकि दिन में धूप खिलने से ठंड़ में हल्की राहत महसूस की जा रही है। यहां अगले चौबीस घंटों के दौरान में इसी तरह का मौसम बना रहने का अनुमान है।

# पटवारी आज संभालेंगे कांग्रेस की कमान, रैली के साथ पहुंचेंगे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार दोपहर 3 बजे प्रदेश कार्यालय में पदभार संभालेंगे। इसके पहले वे बैरागढ़ से एक रैली के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के सभी विधायक, जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। पदभार ग्रहण समारोह के लिए कांग्रेस द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है, पूरे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को फूलों से सजाया गया है।

बताया गया कि श्री पटवारी कार्यभार ग्रहण करने के पहले मंगलवार सुबह इंदौर से सबसे पहले उज्जैन के लिए रवाना होंगे। वह उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन एवं पूजा अर्चन कर महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद श्री पटवारी 11 बजे उज्जैन से भोपाल के लिए रवाना होंगे वह देवास में 11:30 कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। इसके बाद श्री पटवारी सोनकच्छ, आष्टा, सीहोर बायपास मार्ग से होते हुए लगभग दोपहर 2 बजे बैरागढ़ आएंगे। इसके बाद वह बैरागढ़ से रैली के रूप में इमामी गेट, बुधवारा, लिली टॉकीज चौराहा, रोशनपुरा, लिंक रोड होते हुए अपरान्ह करीब 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचेंगे। जहां वह कांग्रेस के सभी वरिष्ठ विधायक, जिलाध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारियों की मौजूदगी में पदभार संभालेंगे। बैरागढ़ से निकाली जाने वाली स्वागत रैली में मप्र विधानसभा में नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे भी श्री पटवारी के साथ मौजूद रहेंगे।

श्री पटवारी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आज पदाधिकारियों, जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, मोर्चा संगठनों के पदाधिकारियों, प्रकोष्ठों, विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने के लिए भोपाल पहुंच रहे श्री पटवारी के आगमन पर उनके भव्य स्वागत और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह, विधायक आरिफ मसूद, पी.सी. शर्मा, कुणाल चौधरी आदि ने भी कांग्रेसजनों को संबोधित कर श्री पटवारी के स्वागत की तैयारियों को लेकर चर्चा की। बैठक में विधायक आतिफ अकील , दिनेश गुर्जर, पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, महेंद्र जोशी, जेपी धनोपिया, मीडिया उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, गोविंद गोयल, कैलाश मिश्रा, अभय दुबे, संजीव सक्सेना, आभा सिंह, रवि सक्सेना, रिटायर्ड कर्नल श्याम सुंदर श्रीवास्तव सहित भोपाल के कांग्रेस पार्षदगढ़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण, मोर्चा संगठन यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के साथीगण सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कमलनाथ, अजय सिंह कार्यक्रम में नहीं होंगे शामिल

नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के शपथ ग्रहण को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं, लेकिन इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह शामिल नहीं होंगे। हालांकि कमलनाथ ने ट्वीट कर अधिक से अधिक से अधिक लोगों के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने इंटरनेट मीडया (एक्स) पर लिखा है, जीतू पटवारी को नई पारी के लिए पुनः शुभकामनाएं देता हूं।

## कमलनाथ-दिग्विजय ने दी बधाई, कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, सांसद नकुलनाथ, पूर्व मंत्री सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरूण यादव, अजय सिंह राहुल भैया ने श्री पटवारी को बधाई दी है। साथ ही सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश के कांग्रेसजनों से अपील की है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी के 19 दिसम्बर को होने वाले पदभार ग्रहण कार्यक्रम में अपने साथियों के साथ अधिकाधिक संख्या में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, भोपाल पहुंचकर कांग्रेस और अधिक शक्ति एवं मजबूती प्रदान करें। सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने 19 दिसम्बर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के लिए श्री पटवारी अपनी शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की हैं।

## मीडिया सलाहकार की नाम पट्टिका तोड़ी

नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष की घोषणा होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कमलनाथ के मीडिया सलाहकार की नाम पट्टिका तोड़ दी गई है। नेम प्लेट किसी ने तोड़ दी है। घटना रविवार की बताई जा रही है। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि यह हरकत किसने की है। इससे कांग्रेस में एक बार फिर गुटबाजी और मतभेद सामने आ गया है।

# दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक आज

• **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया गठबंधन की बैठक कल मंगलवार को दिल्ली में होगी। इसमें लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीटों के बटवारे को लेकर चर्चा होगी। लेकिन हाल में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के रवैए और पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद अब सहयोगी दलों ने सीटों के बंटवारे को लेकर अपना रूख सख्त कर लिया है।

## केजरीवाल के बाद ममता भी देंगी कांग्रेस को झटका

कल आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर अपनी दावेदारी पेश कर दी थी तो वहीं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को महज दो लोकसभा सीटे ही छोड़ने को तैयार हैं। माना जा रहा है कि कल गठबंधन की बैठक सीटों का बटवारा बडा मुद्दा बन सकता है। बतादें कि इंडिया गठबंधन की बैठक में हिस्सा लेने ममता बनर्जी दिल्ली पहुंच चुकी है। इससे पहले उन्होंने कोलकाता में कहाकि अभी वे सीटों के बटवारे को लेकर कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है। 19 दिसम्बर की बैठक के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं टीएमसी के जुडे सूत्रों का कहना है कि पार्टी कांग्रेस के लिए सिर्फ दो लोकसभा सीटें ही छोड सकती है। इसमें एक सीट मुर्शिदाबाद की बरहामपुर सीट है,जहां से 2019 में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इसके अलावा मालदा जिले की मालदा दक्षिण सीट को भी कांग्रेस का गढ माना जाता रहा है। इस सीट से पिछले चुनाव में कांग्रेस नेता अबू हासिम खान ने जीत हासिल की थी। वे 2009 से इस सीट पर लगातार जीत हासिल करते आ रहे हैं। इसके अलावा उत्तरप्रदेश में सपा भी कांग्रेस को ज्यादा सीट देने के मूड में नहीं है। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव कांग्रेस के रवैए से सपा मुखिया अखिलेश यादव खफा हैं। माना जा रहा है कि कल की बैठक में कांगेस का रूख ही गठबंधन का भविष्य तय करेगा।

## मोदी को दोबारा सरकार नहीं बनाने देंगे: लालू प्रसाद

**पटना, एजेंसी।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने सोमवार को कहा कि वह 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोबारा केंद्र में सरकार नहीं बनाने देंगे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी इंडिया गठबंधन की मंगलवार को नई दिल्ली में होने वाली चौथी बैठक से पहले की। राजद प्रमुख ने अपने छोटे बेटे और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने से पहले पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, हम इंडिया ब्लॉक की बैठक के लिए जा रहे हैं और हम किसी भी कीमत पर नरेंद्र मोदी को केंद्र में सरकार बनाने की अनुमति नहीं देंगे। जब उनसे पूछा गया कि प्रधानमंत्री मोदी 2024 में फिर से सत्ता में आने की गारंटी दे रहे हैं, तो लालू प्रसाद ने पूछा, नरेंद्र मोदी कौन हैं? हम दिल्ली में बैठक के लिए जा रहे हैं और वोटों के बटवारे को रोकने के लिए हम एक सीट, एक उम्मीदवार के फॉर्मूले पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया, इस बार हम केंद्र में सरकार बनाएंगे।

## खड़गे ने की 'देश के लिए करें दान' अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की स्थापना के 138वें साल पर सोमवार को पार्टी के 'देश के लिए करें दान' अभियान की शुरुआत की और कहा कि इस अभियान में देश के बाग़रीक़ों के सहयोग से आम जन की प्रगति में मदद मिलेगी। श्री खडगे ने आज यहां अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि देश के लिए दान करने से कांग्रेस आम जनता से मदद लेकर देश को आगे ले जाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही है। महात्मा गांधी जी ने भी देशवासियों की मदद लेकर देश को आजादी दिलाई थी। यह पूरे देश में एक मुहिम बन रही है जिसमें लोग आगे आकर देश के लिए डोनेट कर रहे हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए दान देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, डोनेट फ़ॉर देश अभियान हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों को बनाए रखने, असमानताओं को पाटने और गिने-चुने पूंजीवादियों का पक्ष लेने वाली तानाशाही सरकार के ख़िलाफ़ एक मजबूत विपक्ष बनने की प्रतिबद्धता है। इसके लिए डोनेट.इन पर लॉग ऑन कर अपना महत्वपूर्ण योगदान ज़रूर प्रदान करें। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी जी के ऐतिहासिक 'तिलक स्वराज कोष' से प्रेरित है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**संसद की सुरक्षा को लेकर....** द्वारा सदस्यों का नाम लेना,इसे निलंबित करने की प्रक्रिया की शुरुआत माना जाता है। इसके बाद सदन के नेता पीयूष गोयल ने इनके निलंबन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

**सांसदों का निलंबन लोकतंत्र....** जयराम रमेश ने निलंबन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि न केवल लोकसभा में बल्कि आज राज्यसभा में भी 'खून-खराबा' कर दिया गया।

**प्रशासन का विकेंद्रीकरण....** इकाई, विकास गतिविधियों के धरातल पर क्रियान्वयन में नीचे अपना श्रेष्ठतम योगदान दें। मुख्यमंत्री ने बताया कि नवनिर्वाचित विधायक और मंत्रिपरिषद के सदस्य अपनी भूमिका अधिक प्रभावी तरीके से निभा सकें, इसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**शिवराज को भाजपा अध्यक्ष ने....** है तो नेता प्रतिपक्ष भी उमंग सिंघार है और पीढ़ी परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, दोनों पक्षों में देखने को मिल रही है। हमें इसको सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि मैं अपने सभी नवनिर्वाचित विधायक मित्रों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। विधानसभा में जहां एक तरफ पुराने और अनुभवी विधायक चुनकर आए हैं, वहीं नई पीढ़ी का भी पर्याप्त समावेश है। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला के साथ ही प्रदेश में गठित होने वाले मंत्रिमंडल के सदस्यों को भी शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही श्री चौहान ने यह भरोसा दिलाया कि मैं सकारात्मक और सक्रिय सहयोग करता रहूंगा।

उन्होंने कहा कि मैने करीब 17 साल मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा की है और विकास हो या जनकल्याण मुझे आत्मसंतोष और गर्व भी है कि अपनी जनता के लिए और प्रदेश के विकास के लिए मैं बहुत काम कर पाया, लेकिन स्वाभाविक रूप से एक राज्य के नागरिक के नाते मेरी यही इच्छा है कि श्री यादव के नेतृत्व में बेहतर काम हो।

शिवराज के दिल्ली रवाना होने को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो उन्हें दिल्ली बुलाकर कोई केन्द्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। हालांकि पूर्व में श्री चौहान ने यह कह चुके हैं कि वह दिल्ली नहीं जाएंगे, उन्हें मध्यप्रदेश में ही रहना है।

**केजरीवाल को ईडी ने फिर....** सहित कई स्थानों पर जा चुके हैं। आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ही पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह न्यायिक हिरासत में हैं। अन्य आरोपियों से पूछताछ के आधार पर ईडी केजरीवाल से सवाल-जवाब करना चाहती है। दिल्ली आबकारी नीति मामले में अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को आम आदमी पार्टी (आप) राजनीतिक साजिश बताती रही है।

## पश्चिम बंगाल से संदिग्ध आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** मुंबई पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते के अधिकारियों ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले के कालियागंज से एक संदिग्ध आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान मुक्ता महतो के रूप में की गई है। उन पर आईपीसी की विभिन्न गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान पाकिस्तान के अलावा ईरान और फिलिस्तीन में संबंधित खुफिया एजेंसियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए भी जिम्मेदार होने के रूप में की गई है। हाल ही में, एटीएस के अधिकारियों ने देश की महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी जानकारी पाकिस्तान को देने के ऐसे ही आरोप में महाराष्ट्र में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।